इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166




वर्ष- 43 | अंक -192 | राजनांदगांव, गुरूवार 30 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# रफाह पर इजरायल का कब्जा, सड़कें रौंद रहे इजरायली टैंक

## अब तक 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत

एपी, यरुशलम। अमेरिका व सहयोगी देशों की चेतावनी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के हमले रोकने के आदेश के बावजूद रफाह में इजरायली सैन्य कार्रवाई जारी है। इजरायली सेना के टैंक मिस्त्र की सीमा पर बसे गाजा के रफाह शहर की सड़कों को रौंद रहे हैं। बुधवार को हुई भीषण लड़ाई में वहां पर 37 फलस्तीनी और तीन इजरायली सैनिक मारे गए। इजरायल ने कहा है कि गाजा में हमास का शासन खत्म करने के लिए 2024 के अंत तक लड़ाई चल सकती है।

### अभी तक 36,171 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं

गाजा में सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक 36,171 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 290 इजरायली सैनिक मरे हैं। रफाह में इजरायली टैंक मंगलवार को पहुंच गए और अब वे शहर के मध्य में गश्त करते हुए गोलाबारी कर रहे हैं। शहर के तेल अल-सुल्तान इलाके में ड्रोन से शरणार्थियों के टेंट को निशाना बनाए जाने की सूचना है। हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाके एंटी टैंक रॉकेट, मोर्टार और रास्तों में एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाकर इजरायली सेना का मुकाबला कर रहे हैं।



### रफाह में इजरायली सेना की कार्रवाई जारी

अमेरिका और अन्य सहयोगी देशों की लगातार चेतावनी के बावजूद रफाह में इजरायली सेना की कार्रवाई रुक नहीं रही है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं और घायल हो रहे हैं। बीते दो हफ्तों में दस लाख शरणार्थियों के रफाह छोड़ देने के बावजूद वहां पर अभी भी लाखों शरणार्थी बचे हैं। इन्हीं शरणार्थियों के बीच शहर में इजरायली सेना और हमास लड़ाकों के बीच लड़ाई चल रही है। बुधवार की लड़ाई में मारे गए ज्यादातर लोग टेंट में रहने वाले शरणार्थी थे। इस बीच अल्जीरिया ने रफाह में इजरायली कार्रवाई को रोके जाने के लिए सुरक्षा परिषद परिषद में प्रस्ताव पेश किया है। लेकिन अमेरिका ने कहा है कि इजरायली हमलों में गाजा में आमजनों के मारे जाने के बावजूद इजरायल को उसका समर्थन जारी रहेगा।

### आतंकियों की तलाश में छापेमारी कर रही है इजरायली सेना

इजरायल ने कहा है कि शहर के तीन चौथाई भाग पर उसकी सेना ने कब्जा कर लिया है और अब वह आतंकियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। इजरायली सेना के अनुसार यह शहर मिस्त्र की सीमा के नजदीक है और वहां तस्करी के जरिये पहुंचे हथियार हमास को मिलते रहे हैं, अब इस तस्करी को रोकने के लिए प्रयास हो रहे हैं।

### राहत सामग्री की आपूर्ति जारी कराए अमेरिका

गाजा के स्वास्थ्य मंत्री माजेद अबू रमादान ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि वह रफाह क्रासिंग खोलने के लिए इजरायल पर दबाव डाले जिससे मिस्त्र के रास्ते भेजी जा रही राहत सामग्री गाजा पहुंच सके। राहत सामग्री के अभाव में लाखों फलस्तीनियों का जीवन मुश्किल में फंसा हुआ है।

# पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड व हरियाणा में भी सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा में नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए), 2024 के अंतर्गत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस प्रक्रिया के तहत तीनों राज्यों से प्राप्त आवेदनों के पहले समूह को बुधवार को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

ये प्रमाण पत्र राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने प्रदान किए हैं। इससे पहले, 15 मई को केंद्रीय गृह सचिव ने नई दिल्ली में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना के बाद दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रदान किए गए नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट आवेदकों को सौंपा था। सरकार ने 11 मार्च 2024 को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। नियमों में आवेदन करने के तरीके, आवेदनों को जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा जांचने की प्रक्रिया और राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा जांच के बाद नागरिकता प्रदान करने के तरीके निर्धारित किए गए हैं। आवेदनों की जांच पूरी तरह से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इन नियमों के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हुए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने धर्म के आधार पर उत्पीड़न या ऐसे उत्पीड़न के डर से 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया था।

# केजरीवाल के मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी सस्पेंड, एलजी वीके सक्सेना का बड़ा एक्शन

नई दिल्ली। दिल्ली बेबी केयर अस्पताल अग्निकांड के बाद अब अधिकारियों पर गाज गिरनी शुरू हो चुकी है। इस मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी डॉ. आरएन दास को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सस्पेंड कर दिया है।



उपराज्यपाल की ओर से कार्रवाई निजी नर्सिंग होम के अनियमित और अवैध रजिस्ट्रेशन में कथित भूमिका को देखते हुए की गई है। आरएन दास को सीएम अरविंद केजरीवाल का नजदीकी अधिकारी बताया जाता है। दास के निलंबन के बाद दिल्ली बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को घेरना शुरू कर दिया है। एलजी की कार्रवाई के बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'एलजी साहब को मालूम ही नहीं है, मेरे स्वास्थ्य विभाग ने उनके अधीन आने वाले दिल्ली पुलिस विभाग को 18 अप्रैल को ही हीट वेव की एडवाइजरी भेजी थी। केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों को भी भेजी थी। 27 मई को मैंने रिव्यू लिया, और फिर से सभी विभागों को एडवाइजरी भेजी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आसमान से आग उगल रहा सूरज, राजस्थान में भीषण गर्मी से अब तक 56 लोगों की मौत; 20 जिलों में रेड अलर्ट



जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। हीट वेव (लू लगने) से बुधवार को प्रदेश में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ड़ेढ़ साल की बच्ची, एक सरपंच सहित पांच लोग शामिल हैं। प्रदेश में सात दिन में 56 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे अधिक पाली जिले में 18 लोगों की मौत हुई है।

### डेढ़ साल की बच्ची की लू लगने से मौत

बुधवार को आगरा-अजमेर इंटरसिटी ट्रेन में हीट स्ट्रोक से एक महीला की मौत हो गई। केकड़ी में मालकिया गांव के सरपंच धनराज जाट की भीषण गर्मी से मौत हो गई। झालावाड़ में डेढ़ साल की एक बच्ची की लगने से मौत हुई है। पाली में दो बुजुर्गों की मौत हुई है।

### भारत-पाक सीमा पर 55 डिग्री दर्ज किया गया तापमान

जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर गुरुवार को भी करीब 55 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। यहां हीट स्ट्रोक से बीएसएफ के दो जवानों की तबीयत बिगड़ गई। बीएसएफ की भानू चौकी पर तैनात जवान एस. विश्वास और आरती को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जयपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह सरकारी अस्पताल में कूलिंग सिस्टम खराब होने से मरीजों एवं उनके स्वजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 20 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने गुरुवार को 20 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि प्रदेशवासियों को एक जून के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। 31 मई को मौसम बदलेगा। प्रदेश के 11 जिलों में आंधी और तेज हवाओं का येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# शराब घोटाला केस में गिरफ्तार कारोबारी ढेबर की बढ़ी मुश्किलें

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर की मुश्किलें बढती जा रही है। अनवर ढेबर और उसके पुत्र शोएब ढेबर समेत चार लोगों के खिलाफ चोरी और तोड़फोड़ का मामला दर्ज कराया गया है। कारोबारी अनवर ढेबर के मैनेजर ने चार लोगों के खिलाफ रायपुर के पुरानी बस्ती और सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट लिखाया है।



रायपुर में अनवर और बेटे शोएब के खिलाफ एक और एफआईआर

मिली जानकारी के अनुसार, अनवर ढेबर के कारोबार में मैनेजर के पद पर पदस्त मुंबई निवासी इमरान ने एफआईआर कराई है। प्रार्थी ने आरोपियों के खिलाफ फ्लैट का ताला तोड़कर घर में घुसकर दस्तावेज, गहने समेत 20 हजार नगदी चोरी करने का आरोप लगाया है। अनवर के खिलाफ पुरानी बस्ती थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है।

साथ ही प्रार्थी ने ढेबर के पुत्र शोएब ढेबर के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराया किया है। शोएब समेत तीन आरोपियों के खिलाफ सरकारी गवाह का पीछा कर जान से मारने की धमकी, मारपीट समेत अवैध वसूली का आरोप लगाया गया है। शोएब ढेबर और उनके अज्ञात वकील के खिलाफ सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज हुई है।

# नर्सिंग घोटाले में बर्खास्त होंगे एमपी के मंत्री! सीएम के आदेश के बाद बढ़ी सियासी सरगर्मी

भोपाल। एमपी में नर्सिंग कॉलेज घोटाले ने राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। इस मामले में सीएम मोहन यादव सख्त हो उठे हैं। सीएम ने नर्सिंग कॉलेजों की जांच में लेन-देन करने वाले, मान्यता दिलाने में मदद करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश दे दिए हैं।



सीएम की सक्रियता के बाद कांग्रेस भी एक्शन में आ गई है। कांग्रेस ने राज्य सरकार से सवाल पूछा है कि क्या अधिकारी-कर्मचारियों के साथ घोटाले में लिप्त मंत्री भी बर्खास्त होंगे! प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनफिट नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने में मदद करने वाले अफसर और कर्मचारी को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकार नर्सिंग काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार और सचिव पर भी गाज गिरेगी। घोटाले की जांच में भ्रष्टाचार की बात सामने आने के बाद कॉलेजों का नए सिरे से सत्यापन भी किया जाएगा। राज्य में नर्सिंग में भविष्य में गड़बड़ी को रोकने के लिए अब नया प्रादेशिक आयोग बनेगा। नई रेगुलेटरी बॉडी बनेगी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ई-वे बिल की छूट खत्म होने से बोगस बिल बनाने वालों की बढ़ेगी मुकिशलें, चार महीने में 10 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के भीतर ई-वे बिल पर छूट खत्म होते ही सियासत गरमा गई है। कारोबारियों के साथ ही विपक्ष ने छूट वापस लेने के लिए सरकार पर दबाव बना दिया है। इधर वाणिज्यिक कर विभाग ने साफ किया है कि ई-वे बिल पर छूट खत्म होने से ईमानदारों को दिक्कत नहीं है, बल्कि पिछली सरकार में छूट का फायदा बोगस बिल बनाने वाले लोगों ने लिया था। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ। वर्तमान में छूट खत्म होने सरकार का राजस्व बढ़ेगा।

बताया जाता है कि अंतरराज्यीय व्यापार में ई-वे बिल की जांच में बीते चार महीने में वाणिज्यिक कर विभाग ने 10 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी है। एक राज्य से दूसरे राज्य परिवहन करने वाले वाहनों की जांच में यह चोरी पकड़ी गई। अधिकारियों ने कहा कि 2018 से यदि एक जिले से दूसरे जिले के परिवहन पर जांच होती तो सरकार को करोड़ों का राजस्व प्राप्त होता। गौरतलब है कि वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने पहले ही साफ कर दिया है कि ई-वे बिल से व्यापारियों को परेशानी नहीं होगी।

### टैक्स जमा करने वाले व्यापारियों को होगा फायदा

वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग ने कहा है कि ई-वे बिल पर छूट समाप्त होने से टैक्स जमा करने वाले व्यापारियों को फायदा होगा। कर अपवंचन पर निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018 में ई-वे बिल के प्रावधानों से छूट इसलिए दी गई थी, क्योंकि ये प्रावधान नए थे और व्यवसायियों/ट्रांसपोर्टरों को इन प्रावधानों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए समय दिया जाना जरूरी था।

### छूट का फायदा बोगस बिल वालों ने लिया

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ई-वे बिल जारी करने में दिए गए छूट का सबसे अधिक दुरुपयोग सर्क्युलर ट्रेडिंग करने वाले और बोगस बिल जारी करने वालों ने किया। इसलिए इस छूट को समाप्त किए जाने का सबसे अधिक लाभ उन व्यवसायियों को होगा जो ईमानदारी से अपना कर जमा करते हैं,लेकिन सर्क्युलर ट्रेडिंग या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली में 52.9 डिग्री तापमान दर्ज होने पर केंद्रीय मंत्री ने उठाए सवाल, IMD मामले की करेगा जांच

दिल्ली। दिल्ली में गर्मी कहर बरपा रही है। दिल्ली के मुंगेशपुर में बुधवार को 52.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ, जो अब तक का सबसे अधिक तापमान है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा यह अभी तक आधिकारिक नहीं है। दिल्ली में इतना तापमान होना संभव नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग के मुंगेशपुर स्टेशन पर तापमान मापने वाला सेंसर खराब था, इससे ओवर रीडिंग आ गई थी। मौसम विभाग इसकी जांच में जुट गया है। केंद्रीय मंत्री एक्स पर लिखा, 'दिल्ली में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान होने की संभावना बेहद कम है। आईएमडी में हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को समाचार रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए कहा गया है। आधिकारिक स्थिति जल्द ही बताई जाएगी।'

# सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल की जमानत बढ़ाने की अर्जी को शीघ्र सूचीबद्ध करने से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने मेडिकल जांच कराने के लिए उनकी अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की मांग वाली अर्जी सुनवाई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने से मना कर दिया है। केजरीवाल फिलहाल चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर हैं और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक उन्हें दो जून को फिर समर्पण करना है और जेल जाना है। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मेडिकल जांच कराने के लिए अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने का अनुरोध किया है।



केजरीवाल ने मेडिकल जांच के लिए अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की

### केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती दिख रही

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा अर्जी को तत्काल सुनवाई के लिए लगाए जाने की मांग ठुकराए जाने से आप नेता की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट में कोई भी अर्जी या याचिका रजिस्ट्री में दाखिल होती है। किसी भी अर्जी पर तत्काल सुनवाई के लिए एक पत्र संलग्न करके तत्काल सुनवाई का कारण भी बताना पड़ता है। इसके बाद रजिस्ट्रार व अन्य संबंधित अधिकारी पूरे मामले को देखते हुए केस को सूचीबद्ध करने का निर्णय लेते हैं।

### केजरीवाल की अर्जी को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार

आजकल सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टी चल रही है और अवकाशकालीन पीठें ही मुकदमों की सुनवाई के लिए बैठती हैं। इसके अलावा कई बार मौखिक रूप से न्यायाधीशों के समक्ष केस का उल्लेख किया जाता है और उनके निर्देश पर भी मामला सुनवाई पर लगाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केजरीवाल की अर्जी को तत्काल सूचीबद्ध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भय, भूखमरी, आंतकवाद, भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे : गड़करी

ऊना/कुल्लू। केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने बुधवार को कहा कि हम देश से भय, भूखमरी, आंतकवाद व भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे।

श्री गड़करी ने आज हिमाचल में ऊना व आनी दो जनसभाओं को संबोधित किया व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा यह चुनाव कॉंग्रेस व भाजपा का भविष्य के फैसले का चुनाव नही बल्कि सही अर्थ में देश और देश की जनता के भविष्य का चुनाव है तथा यह निर्णय जनता को करना है कि कौन सी पार्टी कौन सा नेता आपके भविष्य के लिए काम कर सकता है।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि देश के 60 साल कॉंग्रेस को सरकार चलाने का मौका दिया था। उन्होंने मात्र गरीबी हटाओ का नारा दिया पर धरातल पर कुछ काम नही किया। देश के दो मुख्य क्षेत्र है खेती और उद्योग जो कि बिना पानी, बिजली व संचार साधनों के बिना नही चल सकते है



उद्योग के बिना कोई रोजगार नही हो सकता।

करीब 60 सालों में कृषि क्षेत्र में कॉंग्रेस ने कुछ भी विकास नही किया भारत में 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते है और बाकी शहरों में लोगों का पलायन शहरों में इसलिए हुआ क्योंकि गाँव में बेरोजगारी, भुखमरी थी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। इसलिए मोदी सरकार ने निर्णय किया कि देश में ग्रामीण स्तर पर उद्योगों का विकास करना होगा जिसके लिए पानी, बिजली, सड़कों व संचार सुविधाओं को ठीक करना प्राथमिक कार्य होगा। श्री गड़करी ने कहा कि हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है इसलिए यहाँ सड़कें बनाना मुश्किल कार्य है, परंतु हमने हिमाचल में बड़े स्तर पर सड़कें बनाने का कार्य किया है। महाराष्ट्र में मंत्री रहते हुए मैंने मुंबई, पुणे एक्स्प्रेस-वे बनाया जिस कारण पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने मुझे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को तैयार करने का मौका प्रदान किया। देश के 6.50 लाख गांवों से 4.50 लाख गांवों में पक्की स?कें बनाने का काम इस योजना के अंतर्गत हुआ।

हिमाचल में पर्यटन स?क इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही निर्भर करता है इसलिए हमने ब? स्तर पर स?कों के विस्तार का कार्य किया। हमने ऊना में 900 करो? का लठयानी मंदली पुल मंजूर किया जिसका काम सरकार बनते ही शुरू हो जाएगा। आज हिमाचल में पर्यटन बढ़ा है जिसका बड़ा कारण सड़क मार्गो का सुदृढ़ीकरण ही है रोहतांग टनल से अब मात्र आठ मिनट में हम लाहौल पहुँच रहे हैं। हमारी सरकार ने 20,000 करोड़ की टनलों का निर्माण किया। लाहौल से लेह लद्दाख तक आठ सुरंगों का निर्माण किया जोजिला टनल 12,000 करोड़ से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 45 डिग्री तापमान की कड़ी धूप में जनसेवा के लिए जज्बा दिखाया पीएचई के हैण्डपम्प मेकेनिकों ने

- ग्राम कोपेडीह में पीएचई की टीम ने चार घण्टे की चिलचिलाती धूप में हैण्डपम्प के मरम्मत का किया कार्य
- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के लिए लगातार कर रही कार्य



राजनांदगांव (दावा)। 45 डिग्री तापमान की कड़ी धूप में जनसेवा के लिए जज्बा दिखाया है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैण्डपम्प मेकेनिकों ने। आम जनता को पेयजल के लिए दिक्कत न हो इसके लिए पीएचई के हैण्डपम्प मैकेनिकों ने चिलचिलाती धूप में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह में मरम्मत का कार्य किया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के लिए कार्य कर रही है।

सरपंच द्वारा हैण्डपम्प खराब होने की सूचना के तुरंत बाद मेकेनिक ग्राम कोपेडीह पहुंचे एवं हैण्डपम्प के मरम्मत का कार्य धूप के बावजूद चार घण्टे में पूरा कर दिया। गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ते ही पानी की खपत और मांग भी बढ़ जाती है तथा कई हैण्डपम्प का जल स्तर नीच चले जाता है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनसामान्य से अपील की है कि जल अमूल्य है। जल ही जीवन है इसलिए जल संरक्षण के उपायों को अपनाने की जरूरत है। नलों में टोटियों का प्रयोग करें, अपने गांव में जल संरक्षण हेतु सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपाय करें एवं जल को व्यर्थ बहने से रोके।

# लोहे का धारदार औजार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोहे की धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। उसके पास से एक लोहे का धारदार बटन चाकू को जप्त कर रिमांड में जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

बताया जाता है कि आरोपी दुर्गेश मरकाम पिता मनोहर मरकाम उम्र 35 साल निवासी महामाया चौक, बसंतपुर मोहारा ओवर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से लोहे का धारदार बटन वाला चाकू रख कर राहगीरों को डरा धमका रहा था। मुखबीर से सूचना मिलने पर आरोपी को धर दबोचा गया।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में फरार आरोपी, स्थायी वारंटी एवं अवैध शराब, जुआ सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशन पर उनके द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र में भ्रमण



आर्म्स एक्ट के तहत भेजा गया जेल

किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर बुधवार 29 मई को आरोपी दुर्गेश मरकाम को मोहारा बाईपास ओवरब्रिज के नीचे रोड अवैध रूप से लोहे का धारदार बटन चाकु को रखकर राह चलते राहगीरों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते दिखा अतएव उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत अपराध क्रमांक 249/2024 कायम कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनके सहित उपनिरीक्षक राजेश पटेल, आरक्षक प्रवीण मेश्राम की भूमिका सराहनीय रही।

## अन्य आरोपी भी पकड़े गए

बसंतपुर पुलिस ने अपराधियो के इस धर पकड़ के क्रम मे उत्तम कुमार पारेख पिता स्व. देवेन्द्र कुमार उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 36 लखोली, संजय नगर को भी पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से चाकू नुमा धारदार औजार जप्त किया है। यह भी आरोपी भ्रमण के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ा। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी उत्तम कुमार पारेख को मोहारा शराब भट्‌टी के पास अवैध रूप से धारदार चाकू नुमा औजार को रखकर राह चलते राहगीरों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते देखे जाने पर गिरफ्तार किया गया और उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत अपराध क्रमांक 248/2024 कायम कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में भी उपरोक्त थाना स्टाफ के टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# पहला कॉलम...

## अवैध शराब 7 बल्क लीटर एवं 90 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं टीम द्वारा ग्राम खोभा शासकीय भूमि में अज्ञात 7 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 90 किलो ग्राम महुआ लाहन आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59क के तहत जप्त किया गया। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर- कॉमर्स क्लब



कॉमर्स एवं ट्यूशन क्लासेस हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। सभी कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गया है। तथा कॉमर्स क्लब के द्वारा बोर्ड के विद्यार्थियों को कम से कम शुल्क में पूरे विषयों की तैयारी करायीं जाएंगी। जिससे उनके अंक में वृद्धि हो तथा शिक्षा का विकास हो। तथा बी.कॉम के विद्यार्थियों को सभी विषयों की तैयारी करायी जाएगी। संचालक भावेश सिन्हा ने बताया कि कक्षा 10वीं- गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, कक्षा 12वी- एकाउंट, बिजनेस स्टडी, इकॉनामिक्स, हिन्दी, अंग्रेजी की कक्षाएँ परीक्षा तक चिखली खैरागढ़ रोड, संचालित की जा रही है। कम्प्यूटर क्लासेस नया ढाबा मोतीपुर में भी संचालित है।

## सर्वसुविधायुक्त नि:शक्तजनों के लिए आशियाना

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर, आजाद चौक, गली नंबर 8 निवासी श्रीमती सरस्वती मानिकपुरी ने बताया कि शहर वृद्ध, बीमार एवं नि:शुक्तजनों के लिए 24 घंटे सेवा उपलब्ध करा रहे है। इन्होंने बताया कि अपने सरस्वती निकेतन में सर्वसुविधायुक्त कमरे एवं खाना तथा बीमारजनों की डाक्टरी जांच, दवा 24 घंटा सेवा उपलब्ध रहेगी।

# तपोभूमि में हजारों लोगों की उपस्थिति में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव





- तपोभूमि में हुई 60 श्रामनेर एवं श्रामनेरी के रूप में धम्म दीक्षा
- बौद्ध समाज के 25 परिवारों ने मिलकर पूज्य भदन्त धम्मतप जी को नई अर्टिगा कार दान की

राजनांदगांव (दावा)। मेत्ता संघ जिला राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ नदी किनारे स्थित तपोभूमि में पूज्य भदन्त धम्मतप अध्यक्ष मेत्ता संघ के अध्यक्षता में त्रिविध पावन पर्व (बुद्ध पूर्णिमा) के अवसर पर संयुक्त जिला स्तरीय बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया एवं दिनांक 23 मई बुद्ध पूर्णिमा से दिनांक 27 मई माता रमाई स्मृति दिन तक श्रामनेर एवं श्रामनेरी ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया।

बौद्ध समाज के 25 परिवारों ने मिलकर पूज्य भदन्त धम्मतप जी को नई अर्टिगा कार दान की। कार्यक्रम के आयोजक एवं तपोभूमि के संस्थापक भदन्त धम्मतप जी ने उपस्थित जन समुदाय को उपदेश देते हुये कहे कि भगवान गौतम बुद्ध के जीवन की घटना त्रिविध पावन पर्व कहलाती है, भगवान गौतम बुद्ध ने मानवीय जीवन का आधार स्तंभ पंचशील को बताये है, शीलों का आचरण करने वाला व्यक्ति सुखपूर्वक सोता है एवं सुखपूर्वक जागता है।

संस्कारधानी में पहली बार एक साथ 60 उपासक-उपासिकाओं ने ली तपोभूमि में श्रामनेर एवं श्रामनेरी के रूप में पूज्य भदन्त नागसेन महाथेरो भंडारा से धम्म दीक्षा। मेरे द्वारा किये जा रहे धम्म के कार्यो को देखते हुए बौद्ध समाज के 25 परिवारों ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नई अर्टिगा कार दान की ताकि गांव घर, शहर कस्बे से लेकर राज्य तक पहुंच सके धम्म। पूज्य भदन्त धम्मतप जी ने आगे कहा दिन प्रतिदिन शिवनाथ नदी तट स्थित तपोभूमि (ऑक्सीजोन) भंवरमरा में अपने भीतर के दुःखों को दूर करने के लिए लोग उपस्थित होते है। हमारे द्वारा इस क्षेत्र के विकास एवं पर्यटक क्षेत्र का दर्जा मिलाने के लिये निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। मै प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से धम्म के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए दान पारमिता की सभी दानदाताओं के प्रति मंगलकामनाएँ करता हूँ, साथों साथ कार्यकर्ता एवं उपस्थित जनों के प्रति भी मंगलकामनाएँ व्यक्त करता हूँ। मुख्य अतिथि पूज्य भदन्त नागसेन महाथेरो भंडारा ने कहा कि भिक्खु धम्मतप के कार्यो से छत्तीसगढ़ बुद्ध शासन दिखाई दे रहा है मै काफी सालों से छत्तीसगढ़ में आ जा रहा हूँ यहा भिक्खुयों की संख्या कम है फिर भी भिक्खु धम्मतप एवं उनके उपासक उपासिकाओं के मेहनत को देखकर मुझे बहुत आनंद होता है तपोभूमि में मेरे द्वारा 60 श्रामनेर एवं श्रामनेरी की दीक्षा दी गई, श्रामनेर एवं श्रामनेरी भिक्खु धम्मतप के मार्गदर्शन में पांच दिनों तक धम्म का प्रशिक्षण लेंगे, मेरे देखने में यह आ रहा है की छत्तीसगढ़ में यह पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एक साथ श्रामनेर एवं श्रामनेरी के रूप में दीक्षा विधि हुई।

आयोजन को सफल बनाने के लिए संदीप कोल्हाटकर, कुणाल बोरकर, संजय हुमने, सागर रामटेके, शुभम रावत, कन्हैयालाल खोब्रागड़े, आयु. बुद्धिमित्रा वासनिक, आयु. नन्दा मेश्राम, आयु. माया वासनिक, आयु. वंदना मेश्राम, आयु. पूनम कोल्हटकर आदि ने अथक परिश्रम किया।

# फोम फैट्री में भड़की भीषण आग, दो महिलाएं जिंदा जली

## 5 मजदूरों ने दीवार कूदकर बचाई जान



रायपुर (दावा)। राजधानी रायपुर में गद्दा बनाने वाली एक फोम फेक्ट्री में आज दोपहर भीषण आ लग गयी। इस घटना में फेक्ट्री के अंदर काम कर रही दो महिलाओं की जिंदा जलकर मौत हो गयी, वहीं 5 अन्य कर्मचारियों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया।

घटना की जानकारी के बाद से ही दमकल की टीम लगातार कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक ये घटना रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि यहां के औद्योगिक क्षेत्र में श्री गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कम्पनी में गोंदवारा में फोम फैक्ट्री संचालित है।

फेक्ट्री में रोज की तरह सुबह से काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक फेक्ट्री में एकाएक आग भड़क गयी। जिसके बाद मौके पर मौजूद 7 कर्मचारी आग की लपटों के बीच घिर गये। किसी तरह 5 कर्मचारियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया। लेकिन आग के कारण फोम के जहरीले धुंए की चपेट में आकर सरोरा निवासी यमुना और रामेश्वरी नामक महिला अंदर ही फंस गयी। जिससे इस भीषण आग की चपेट में आकर दोनों महिलाओं की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और शासन के अधिकारी मौके पर मौजूद थे। फेक्ट्री में आग कैसे लगी, इसका अभी खुलासा नही हो सका है। फिलहाल अधिकारी इस घटना की जांच के बाद ही आग की असल वजह बता पाने की बात कह रहे है।


**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202405093700025 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा नोन्हारे ध.प. कवीन्द्र नोन्हारे, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगाँव द्वारा आवेदक पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भू-खण्ड क्रमांक -158, क्षेत्रफल 53.00 वर्गमीटर जो धारकगण जितेन्द्र, संगीता, प्रियंका, क्षमा, सभी आ. स्व. देवराज, ललित ध.प. स्व. देवराज पारख, निवासी -कामठी लाईन, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 10.06.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-6-9
126-9 130-4
राजधानी
4-8-0
134-8 278-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव (छ.ग )**

**- : सूचना :-**

क्रमांक 1295/ रीडर-कले/2024 राजनांदगांव, दिनांक- 29/05/2024

एतद् द्वारा ''सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी'' के निवेशकों को सूचित किया जाता है, कि यह कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता 2016 (आईबीसी 2016) की धारा 33 के तहत परिसमापन के अधीन माननीय न्यायालय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष प्रक्रियाधीन है। जहां से श्री पवन कुमार गोयल को सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड का परिसमापक नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा कंपनी के संपत्तियों का आधिपत्य प्राप्त कर नियमानुसार उसका निस्तारण करते हुये निवेशकों को राशि लौटाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड के निवेशक/वित्तीय लेनदार ''प्रारूप-घ'' में अपने दावों का प्रमाण पत्र इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर निम्न पते पर प्रेषित कर सकते है। आवेदन का प्रारूप लोक सेवा केन्द्रों में उपलब्ध करा दिया गया है-

पता :- पी के. गोयल एवं एसोसिएट्स, 304, डी आर. चेम्बर्स, 12/56, डी.बी गुप्ता रोड, करोलबाग, नई दिल्ली 5, फोन 45660808 (आफिस)

ई-मेल ca.pawangoyal@gmail.com Mobile - 9313502143

कलेक्टर
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी - 242500076/1


# कल चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र द्वारा आयोजित 'अर्पण' नृत्य समागम



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश एवं जिले के प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा विगत तीस वर्षो से ग्रीष्मकालीन 'संस्कार' कला शिविरों का आयोजन करते आ रही है। इसी श्रृंखला में 'कत्थक नृत्य' विषयक नृत्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देने का कार्य पदम्मविभूषण पं. बिरजू महराज के एवं रायगढ़ दरबार के दरबारी कलाकार प्रो. कल्याण दास महंत के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा एवं उनके सुयोग्य सुपुत्र तुषार सिन्हा ने ग्रीष्मकालीन संस्कार कला शिविर के माध्यम से नवअंकुरित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित कर उन्हें नृत्य प्रस्तुतियों को प्रस्तुत करने के लिए नगर की कुलदेवी सिद्धीदात्री माँ श्री शीतला को साक्षी मानकर अपना नृत्य प्रस्तुति करेंगे।

ज्ञात हो हमारे प्राचीन भारत में कला साधक कला गुरू अपनी कला साधना की प्रथम पुष्प देव मंदिरों में देवी, देवता को साक्षी मानकर अपनी कला साधना का अर्पण देव प्रतिमाओं के समक्ष देवालयों में करने का विधान मिलता है। उन्हीं सनातन परंपराओं का अनुसरण करते हुए हमारे नव अंकुरित कला साधकों को नगर की कुलदेवी सिद्धीदात्री माँ श्री शीतला माता के श्री चरणों में 'अर्पण' नृत्य समागम के माध्यम से नव अंकुरित कला साधक अर्पण करने जा रहे है। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्कारधानी राजनांदगांव की सुधी बुद्धि जीवियों, कला साधकों गणमान्य नागरिकों, कला प्रेमियों को चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है और अपील करता है कि नव अंकुरित कला साधकों को अपना शुभ आशीष एवं शुभकामनायें प्रदान करें। आयोजक चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र, राजनांदगांव स्थान शीतला माता मंदिर प्रांगण, तिथि ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, शीतला अष्ठमी शुक्रवार विक्रम संवत-2081 दिनांक 31 मई, संध्या 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील राज महाराज और समस्त पुजारीगण शीतला मंदिर एवं डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा (संस्थापक) चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र द्वारा की गई है। उपरोक्त जानकारी संस्था के सर्वेश्वर दास ने दी।

# फैक्टरी के बाहर चल रहा प्रदर्शन खत्म, लापता व मृतक के परिवार को कंपनी ने 30-30 लाख रुपये दिए



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में 25 मई की सुबह स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में ब्लास्ट हो गया था। यह फैक्टरी बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा (बोरसी) में है। घटना में अब तक एक की मौत और आठ घायल हुए हैं। घायलों का उपचार रायपुर के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जिस यूनिट में यह ब्लास्ट हुआ है, वहां पर काम कर रहे आठ श्रमिक का अब तक कोई पता नहीं चल सका है।

उनके परिवार के लोग बीते शनिवार से कंपनी के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। बुधवार को यह प्रदर्शन खत्म हो गया है। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी ने बुधवार शाम को एक मृतक व छह लापता लोगों के परिवार को 29 लाख रुपये का चेक, एक लाख रुपये नकद दिया है। कुल सात परिवार को दो करोड़ 10 लाख रुपये दिए गए है। इसके अलावा दो अन्य लापता लोगों के परिवार वालों ने रुपये लेने से इनकार कर दिया है।

इन लोगों ने 50 लाख रुपये की मांग की है। इसी प्रकार राज्य सरकार ने एक मृतक व आठ लापता हुए लोगों के परिवार को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिसे जल्द दिया जाएगा। वहीं, इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। 45 दिन में जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपनी है।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर

सतीश जैन कृत

मोर छंइया भुंईया-2

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show

SILVER SCREEN MULTIPLEX

28th to 30th May 2024

silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (Chhattisgarhi)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:30 pm

Bhaiyya Ji - 12:15 & 03:15 pm

Shrikanth - 06:15 & 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# जैन साध्वी से बदतमीजी: सकल जैन समाज ने सौपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। अहिंसा को मानने वाले जैन साध्वी के साथ मारपीट एवं बदतमीजी का मामला प्रकाश में आया है गुजरात के भरूच देरोल मार्ग पर 27 मई सोमवार कोन्यात: साध्वी मंगलवर्धना म.सा. आदि ठाणा 6 भरूच से देरोल के लिए विहार कर रहे थे। देरोल पहुंचने के कुछ देर पहले एक शख्स आया और सभी साध्वी जी के साथ धक्कामुक्की करने लगा।



बड़ी साध्वी जी को गिरा दिया और बेल्ट से मारना चालू कर दिया साथ ही साथ अन्य बाकी सभी साध्वी जी की बेल्ट से पिटाई करने लगा, रास्ते में जो भी उन्हें छुड़ाने आते उनको भी वह शख्स मारकर भगा देता। इस तरह की घटना देखकर लोग वहाँ इकट्ठे होने लगे तो वह बदमाश भाग गया। लोगों ने पीछा करके उसको पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द किया। उक्त घटना सकल जैन समाज की कड़ी निंदा करता है।

जैन समाज की धरोहर अहिंसा को मानने वाले, धर्म का प्रचार व सदुपदेश देने वाले साधु साध्वियों पर इस तरह की हिंसक घटना होना सकल जैन समाज के लिए चिंता का विषय है। बार-बार ऐसी घटनाएँ समाज के लिए झकझोर देने वाली है।

इस संदर्भ में सकल जैन श्री संघ द्वारा ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, समाज कल्याण बोर्ड तक पहुंचाने हेतु राजनांदगांव के कलेक्टर साहब के पास सौंपा। और निवेदन किया कि पदयात्रा करने वाले साधु-साध्वी की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने की व्यवस्था करावे तथा इस तरह का हिंसक कृत्य करने वाले को कड़े से कड़ा दण्ड देने की व्यवस्था करावें तथा इस तरह की घटनाओं को रोकने लिए कानून में से कड़ी सजा का सावधान कराने की बात अपने ज्ञापन के माध्यम से लिखी ताकि आगे कोई इस तरह की कृत्य करने से पहले सौ बार सोचे।

उक्त ज्ञापन को देने सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, सचिव राजेन्द्र सुराणा, ट्रस्टी मनीष छाजेड़, चन्द्रेश जैन, दिनेश लोढ़ा, नरेश बैद, सीए सुरेश गांधी, सूरजमल गिड़िया, मनीष झाबक, मनीष संचेती, राहुल जैन, विनय डढ्ढा, महेन्द्र सुराणा, सुशील छाजेड़, गौतम डाकलिया, दीपक कोठारी, चिंतामणी बोथरा, ओमप्रकाश कांकरिया, नरेश गोलछा, निर्मल गोलछा, विजय कांकरिया, योगेश डाकलिया, राणू जैन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सकल जैन समाज ने निवेदन किया कि इस ज्वलंत समस्या पर जल्द से जल्द ध्यान देकर पदयात्रा करने वाले साधु-साध्वी जी की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देंगे और भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति को होने से रोकेंगे।

# कांग्रेस द्वारा बनाए गए दो जीएसटी कमिश्नर जेल में

रायपुर (दावा)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ई वे बिल मामले में कहा है कांग्रेस ने कैसी भ्रष्ट व्यवस्था चलाई सभी को पता है उनके दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर, समीर विश्नोई और रानू साहू जेल में है तो ऐसे में कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है ,श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने शासन को भ्रष्टाचार का एक बड़ा अड्डा बना दिया था ऐसे अधिकारी जो जनता का हक छीनने के आरोप में जेल में है उन्हें जमानत नहीं मिल रही वह बड़े-बड़े पदों पर रहकर जनता का शोषण करते रहे थे ऐसे में जनता के हित की बात करना कांग्रेस को शोभा नहीं देता।

**कांग्रेस ने पूरी तरह भ्रष्ट शासन चलाया - देवलाल ठाकुर**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि राज्य के अधिकतर व्यापारी छोटे व्यापारी एक साथ रू. 50 हजार का माल परिवहन करते ही नहीं, अधिकतर आबादी इस प्रावधान से बाहर है। कांग्रेस के शासनकाल में चाहे वह आबकारी कर हो या जीएसटी, शासन और अधिकारियों की मिली भगत से कर चोरी के कीर्तिमान रचे गए हैं एवं राज्य के राजस्व में डाका डालने का काम कांग्रेस के शासन में हुआ है। ई वे बिल कर चोरी को रोकने का सबसे सीधा और प्रभावी टूल है। इससे न केवल कर चोरी को रोकने मे मदद मिलती है बल्कि आंकड़ों के विश्लेषण से कर संग्रहण के संबंध में भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इससे बोगस बिल जारी करने, कच्चा बिल जारी करके कर अपवंचन करने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा।

श्री ठाकुर ने कहा राजस्थान में भाजपा की सरकार ने मार्च 2018 में राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों से पूरी छूट दे दी थी क्योंकि यह कर प्रणाली नई नई थी जिसे 2021 में काँग्रेस सरकार ने संशोधित कर राज्य के भीतर 1 लाख से अधिक मूल्य के माल के लिए ई वे बिल के प्रावधान लागू किए हैं। पंजाब में भी काँग्रेस सरकार ने संवेदन शील वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन पर ई वे बिल की सीमा 50 हजार रु रखी थी, शेष वस्तुओं के लिए यह सीमा 1 लाख रु है। एक जिले के भीतर परिवहन के लिए कोई विशेष छूट नहीं थी।ऐसे में कांग्रेस जो खुद के शासित राज्यों में ऐसा कर चुकी है वो यहां इसका विरोध किस मुंह से कर रही है।

# लूट का तीसरा फरार आरोपी भी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ हुई मोबाइल लूट की घटना के फरार आरोपी भी पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। घटना के बाद फरार तीसरे आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन को जब्त किया गया है। बता दें कि घटना के संबंध में गत 11मई को प्रार्थिया भूमिका जाम्बुलकर निवासी कुर्रूभाठ थाना डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते 10 मईको दोपहर 12:30 बजे सायकल में डोंगरगढ़ से घर जा रही थी रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर सायकल में तीन बादमाश पास आकर सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिये और मोबाईल फोन आधार कार्ड लूट कर फरार हो गये थे जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चंद्रा द्वारा अपने टीम के साथ तत्काल कार्यवाही करते हुये 12 मई को एक आरोपी दीपक बाघमारे को तथा इसके बाद फरार आरोपी अमित कुमार बंजारी को 14 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण में आरोपी सुमीत घरडे पिता रमेश कुमार घरडे उम्र- 25 साल निवासी भुरवाटोला डोंगरगढ़ घटना दिनांक समय से फरार था जिसको पता तलाश कर पकड़कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन क्र. सीजी-08/यू 6677 को जप्त किया गया और आरोपी न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



**घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल की जप्ती**

# उदयाचल को हर साल मिलेंगे एक करोड़

राजनांदगांव (दावा)। समाजसेवी संस्था उदयाचल का 56वां वार्षिक उत्सव रविवार 26 मई को धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर के हीरा ग्रुप के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने अपने नागरिक अभिनंदन के बाद उदयाचल के सेवा कार्यों से खुश होकर हर साल एक करोड रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह उदयाचल संस्था निःस्वार्थ भाव से सेवा के कार्यों को अंजाम दे रहा है उससे वह काफी प्रभावित हैं। सुदूर वनांचलों में भी उदयाचल के लोग पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं और गरीब आदिवासियों का उपचार कर रहे हैं। संस्था के 56 वर्ष पूर्ण होने पर वे संस्था से जुड़े लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं और कामना करते हैं कि यह संस्था उत्तरोत्तर प्रगति करती रहे तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मिसाल बने। इससे पूर्व अतिथियों ने नेत्र नारायण भगवान की पूजा कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर एकम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने संस्था का परिचय देते हुए पूरे वर्ष भर का लेखा जोखा रखा। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी ने अतिथियों का प्रतीक देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेश गोयल (अध्यक्ष, आईबीसी 24 रायपुर), दुर्गा प्रसाद अग्रवाल (अध्यक्ष, एंबिएंस ग्रुप, रायपुर), सीताराम अग्रवाल (चेयरमैन, स्टार ऑर्गेनिक फुड, रायपुर), वीरेंद्र गोयल (अध्यक्ष, नाकोड़ा इस्पात, रायपुर) आदि ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहां की उनके सदस्यों के मेहनत का ही परिणाम है कि संस्था आदि इस मुकाम तक पहुंची है वह इस संस्था और उसके सदस्यों के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं।



**हीरा ग्रुप रायपुर के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने की घोषणा**

समारोह की अध्यक्षता कर रहे चतुर्भुज अग्रवाल अध्यक्ष वंदना ग्रुप (रायपुर) ने भी संस्था के कार्यों को सराहा। इसके पश्चात अतिथियों ने उदयाचल की नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराया और उदयाचल अवार्ड वितरित किया गया। नगर गौरव पुरस्कार अरिहंत सिंगी (डिप्टी कमिश्नर इनकम टैक्स) को दिया गया। साहित्य सृजन अवार्ड जय प्रकाश साहू को दिया गया। नेत्र चिकित्सा के कार्यों में विशिष्ट योगदान के लिए संजय चोपड़ा को पुरस्कृत किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में विशिष्ट योगदान के लिए श्रीमती डॉ. अमृता तिवारी को पुरस्कृत किया गया। कीड़ा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए कुमारी अनीशा साहू को प्रस्तुत किया गया। समर्पित सेवा का पुरस्कार किशन जोशी को दिया गया ।सद्भावना अवार्ड माडी धाम के सुरेश पटेल को दिया गया। श्रेष्ठ कार्यकर्ता का अवार्ड धर्मेंद्र जैन को दिया गया। संस्थागत अवार्ड में जीव दया के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मनोहर गौशाला ट्रस्ट खैरागढ़ के पवन डाकलिया को पुरस्कृत किया गया। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन इंदरचंद कोठारी ने किया। यह जानकारी सूचना प्रसारण प्रभारी बालचंद पारख ने दी।

# अमरनाथ के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग जून के पहले सप्ताह से

जम्मू। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर की ऑनलाइन बुकिंग जून के पहले सप्ताह में शुरू होगी। यह यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगी।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा, यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग जून के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड हेलीकॉप्टर बुकिंग की ऑनलाइन बुकिंग ,आखिरी तारीख और किराया तथा अन्य जानकारियों के संबंध में जल्द ही वेबसाइट पर जानकारी मुहैया करायेगा। तीर्थयात्रियों के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन पहले ही 15 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लंगर आयोजन समितियां 15 जून को माल से लदे ट्रकों के साथ जम्मू-कश्मीर पहुंचेंगी और चिह्नित स्थानों पर 'लंगर' (सामुदायिक रसोई) स्थापित करेंगी। इस वर्ष पवित्र गुफा तक 125 लंगर लगाने की अनुमति दी गई है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 16 मई को कटरा की अपनी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से संदेशवाहक बनने और भागवत का संदेश फैलाने का आग्रह किया और इस वर्ष की श्री अमरनाथ यात्रा के लिए देश-विदेश के तीर्थयात्रियों को आमंत्रित किया।

# कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में जिला एवं राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त वाले जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में राज्य की प्रावीण्य सूची में छठवां एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वंशिका साहू सहित कक्षा 10वीं के 25 विद्यार्थियों एवं कक्षा 12वीं के 14 विद्यार्थियों कुल 39 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकीय स्टॉफ को भी आमंत्रित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने बच्चों के भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को आपस में सामूहिक रूप से पढ़ाई कर ज्ञानार्जन करने, चर्चा करने, विषय की बारीकियां समझने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपने पालकों का नाम रौशन किया है, यह पल सभी के लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को समझें और उनकी प्रतिभा को निखारने में तथा अच्छे समाज का निर्माण करने में अपनी सहभागिता प्रदान करें।



**कक्षा 10वीं के 25 एवं कक्षा 12वीं के 14 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित**

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने सभी बच्चों, पालकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार अध्ययन-अध्यापन का क्रम गतिमान रहना चाहिए। कार्यक्रम में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पुरस्कार प्राप्त कर प्रसन्न दिखे। इस दौरान विद्यार्थियों एवं पालकों ने अपनी सफलता के अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे, सहायक संचालक श्रीमती आर संगीता राव सहित विद्यार्थी, परिजन, शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता हो रही लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए।



**○ राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए किया जा रहा शिविरों का आयोजन**

**○ जिले में आयोजित 210 शिविरों में 774 आवेदन निराकृत**

जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी समस्या नहीं आयें। परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद फौती नामांतरण प्राथमिकता से करायें। बाद में आपसी सहमति से खाता विभाजन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगें।

उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 210 राजस्व शिविरों में 842 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 774 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को लाभ मिल रहा है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 43, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 49, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 28, छुरिया तहसील अंतर्गत 12, कुमरदा तहसील अंतर्गत 21, घुमका तहसील अंतर्गत 33 एवं लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत 24 राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविरों के माध्यम से अविवादित नामांतरण के 62, अविवादित बंटवारा के 6, सीमांकन के 4, आय प्रमाण पत्र के 305, निवास प्रमाण पत्र के 118, जाति प्रमाण पत्र के 165 एवं अन्य प्रकरणों के 114 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# किसानों को समय पर मिले गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज - कलेक्टर

**○ किसानों की आय बढ़ाने के लिए संभावनाओं की तलाश करने की जरूरत**

**○ कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा की**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट के कलेक्टर कक्ष में खाद-बीज वितरण के संबंध में उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, प्रबंधक बीज निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की संयुक्त समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



उन्होंने खेती किसानी कार्य को देखते हुए खाद -बीज के अग्रिम उठाव के लिए वितरण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक किसान तक खाद-बीज उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करें। किसानों के साथ किसी तरह का धोखा नहीं होना चाहिए। समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध हो जाना चाहिए। इसके लिए खाद एवं बीज की गुणवत्ता का परीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें और इसके लिए समन्वित तरीके से सक्रियतापूर्वक कार्य करें। किसानों के हित में तथा उनके आय में बढ़ोत्तरी हो इसके लिए सभी अपने अनुभवों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी तथा फसलों से संबंधित समस्या एवं उनका समाधान, फसलों की वेरायटी की पूरी जानकारी होनी चाहिए। किसानों की आय बढ़ाने के लिए संभावनाओं की तलाश करें। समूह में कृषि करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। पपीता केला एवं अन्य फल तथा चना एवं मिर्च जैसी फसलें कलस्टर में लगाने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक रूप से कृषि करने पर किसानों को फायदा मिलेगा। 40 से 50 एकड़ में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को लक्ष्य देते हुए सामूहिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इसके अच्छे परिणाम मिलेगे और लागत कम आएगी। छोटे किसानों को मिलेट्स, दलहन, तिलहन जैसी फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारे देश के किसानों को एक्सपोर्ट आरिएंटेड किसान बनाने की जरूरत है। बहुत सी फसलें ऐसी हैं जो धान से ज्यादा लाभकारी है।

बैठक में बताया गया कि जिले में खरीफ 2024 अंतर्गत 32355 मीट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया है, जो कुल भंडारण का लगभग 73 प्रतिशत है। जिसमें से 21168 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा 11187 मीट्रिक टन रासायनिक खाद शेष है। जिसमें यूरिया 13599.2 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 4385.8 मीट्रिक टन, डीएपी 7620.3 मीट्रिक टन, एनपीके 4228.8 मीट्रिक टन, पोटाश 2521.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया है। किसानों को यूरिया 9312.7 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 2554 मीट्रिक टन, डीएपी 5773 मीट्रिक टन, एनपीके 2095.7 मीट्रिक टन, पोटाश 1333.9 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया गया है। इसी तरह जिले में 8803.90 क्विंटल बीज का भंडारण हो चुका है और किसानों को 3271.40 क्विंटल बीज वितरण किया जा चुका है तथा 5532.50 क्विंटल बीज किसानों के वितरण के लिए शेष है। धान, सोयाबीन, अरहर, उड़द, तिल, मूंग, कुल्थी, कोदो, कुटकी, सन, रागी, मुंगफली, मक्का बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, प्रबंधक बीज निगम बीके साहू, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुश्री शिल्पा अग्रवाल, जिला विपरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंगद ई पुल के पास बुधवार रात तकरीबन 9 बजे एक अज्ञात वाहन ने शहर से मोटर सायकल सेअपने गांव भोथीपार जा रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना 112 को मिलते ही मौके पर पहुंचने पर उक्त युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक का नाम धनेश यादव उम्र 30 वर्ष बताया जाता है। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजन थाने पहुंच गए। पुलिस लाश को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुट गई है।

# भाटापारा लोकोत्सव में लोक संस्था सुरता की धूम

**लोककला संरक्षण हेतु विजय मिश्रा सम्मानित**



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ी लोक कला के उन्नयन हेतु बीते 33 वर्षो से भाटापारा में सतत आयोजित लोकोत्सव 2024 में लोककला मंच सुरता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकोत्सव में सूरता के संचालक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' को डॉ. जितेंद्र आडिल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। त्रिदिवसीय लोकोत्सव में सुरता टीम के पैंतीस कलाकारों ने सुवा, करमा, ददरिया, मावलिया जश गीतों की प्रस्तुति से जनमन को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरता के नृत्य निदेशक नरेंद्र जलक्षत्रीय की भरपूर सराहना हुई। इस अवसर पर सभी कलाकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुरता के कलाकारों में सर्वश्री अर्जुन मानिकपुरी, तोसन निर्मलकर, नीतीश यादव, कृष्णा सपहा, नारायण- लोकेश-चंद्रहास साहू देवा कश्यप, अशोक निषाद, अभिषेक पांडे, अंजलि भट्ट मानसी साहू, नूतन साहू, ऋषिका पांडे, नूतन, रौशनी, ज्योति पायल, सुनीधि साहू, मैरी मसीह ने नृत्य- गायन- वादन में भागीदारी दी।

## अनमोल दावा

> अपने-अपने कर्म के गुणों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति सिद्ध हो सकता है।

## पुणे के आरोपी कार चालक को बचाने के लिए विषाक्त खेल खेलना कानून व्यवस्था के लिए घातक

आरोपी नाबालिग को बचाने के लिए कानूनी पक्ष को कमजोर करने से लेकर मामले को दबाने और आरोपी को बचाने के मकसद से हर स्तर पर गड़बड़ी करने की कोशिश की गई। महाराष्ट्र के पुणे में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की जान चली जाने के बाद आरोपी चालक को बचाने के लिए जिस स्तर के विषाक्त खेल सामने आए हैं, वे हैरान करने वाले हैं। होना तो यह चाहिए था कि आरोपी को संबंधित कानूनों के तहत कठघरे में खड़ा किया जाता और उचित सजा दी जाती।

मगर अफसोस कि इसमें शुरू से ही कानूनी पक्ष को कमजोर करने से लेकर मामले को दबाने और आरोपी को बचाने के मकसद से हर स्तर पर गड़बड़ी करने की कोशिश की गई। आरोपी के नाबालिग होने के आधार पर अदालत में बिना देर किए उसे यातायात संचालन में सहयोग देने और निबंध लिखने जैसी बेहद हल्की शर्तों के साथ जमानत दे दी गई। कानून में इस तरह जमानत देने का आधार हो सकता है, मगर तथ्य यह भी है कि इस घटना में बिना पंजीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस के शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आरोपी की गैरजिम्मेदारी ने दो लोगों की जान ले ली।

एक गंभीर अपराध करने वाले को बचाने के पीछे इसके सिवा और क्या कारण हो सकता है कि आरोपी रईस परिवार से है और पुलिस ऐसी स्थिति में कई बार परोक्ष प्रभाव में काम करती है। सच यह है कि मामले ने तूल पकड़ा तब कार्रवाई का तरीका बदला। आरोपी की जमानत रद्द हुई और लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिस अफसरों को निलंबित किया गया।

यह उजागर हुआ कि अस्पताल में आरोपी के खून का जो नमूना लिया गया था, उसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया और दूसरे व्यक्ति का खून लेकर फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजा गया। इस आरोप में दो डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। इस हरकत ने अन्य अपराधों के मामले में भी फोरेंसिक जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं।

इससे पहले आरोपी के दादा को ड्राइवर का अपहरण करने, धमकी देने और अपराध कबूल करने को मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद जो हुआ, उससे यही जाहिर हुआ है कि समूचा तंत्र किसी रसूखदार आरोपी के बचाव में कितना गैरजिम्मेदार हो सकता है।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का इतिहास एवं भागीदारी पर सवाल

**प्रोफे. के. मुरारी दास**



अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ है सूचना देने का अधिकार. यह एक अंतहीन प्रक्रिया है. चाहे इसका संदर्भ या परिस्थितियों कुछ भी हो. इस सूचना तकनीक ने न सिर्फ हमारा जीवन शैली को बदलाव किया है, बल्कि इसने हमारी कला, साहित्य, संस्कृति, इतिहास व परंपरा को भी प्रभावित किया है. यही नहीं इस सूचना तकनीक ने हमारी अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त परिवर्तन किया है. सूचना तकनीक के इस भौतिक माध्यमों में आज पत्रकारिता, फिल्म, टी.वी., वेब सीरीज और मोबाइल जैसे अनेक माध्यम भी शामिल है. पर इन प्रचार माध्यमों में मिशन मीडिया कम और व्यवसायिकता कहीं अधिक नजर आती है. थॉमस कार्लाइल पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने मीडिया को सर्वप्रथम चौथे स्तंभ की संज्ञा दी थी, जिसे बाद के लेखकों ने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि इससे मीडिया को चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता भी मिली.

### पत्रकारिता का इतिहास

विश्व में पत्रकारिता का प्रारंभ 131 ईसा पूर्व का मिलता है. जहां रोम में एक्टा डायुर्ना (दिन की घटनाएं) नामक दैनिक समाचार निकलने का जिक्र मिलता है. वस्तुतः यह एक लोहे या पत्थर का प्लेट नुमा आकार होता था, जिसमे शहर की घटनाएं लिखकर सार्वजनिक चौक चौराहे पर रख दिया जाता था, जिसे आते-जाते लोग पढ़ा करते थे 15वीं शताब्दी के मध्य में योहन गुटनबर्ग ने छाप मशीन का आविष्कार किया. पर समाचार पत्र पत्रिकाओं और किताबों का प्रकाशन 16वीं शताब्दी में ही संभव हो सका. सन 1605 में जर्मन भाषा में प्रकाशित रिलेशन एलर फर्नमेन एंड गेडेन कुवुरर्डिजेन हिस्टोरियन को विश्व का प्रथम समाचार पत्र माना जाता है.

### भारत में पत्रकारिता की शुरुआत

लेकिन भारत में किसी भी प्रकार की पत्रकारिता की शुरुआत अंग्रेजों के आगमन पश्चात होता है. ब्रिटिश भारत की राजधानी व भारत की आर्थिक राजधानी तथा पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजधानी कोलकाता भारतीय और विदेशी समाचार पत्रों का उद्गम स्थल रहा है. 29 जनवरी सन 1780 के देश का पहला साप्ताहिक समाचार पत्र बंगालगजट था जो 67, राधा बाजार कोलकाता से प्रकाशित होता था. तथा इसका अंतिम प्रकाशन 30 मार्च 1782 को हुआ. भारत में इस अखबार को छापने का निर्णय 2 साल पूर्व ही डच एडवेंचर विलियम बोईस ने रखा था लेकिन इस अवधारणा को क्रियान्वित करने वाले आईरिस व्यक्ति थे जेम्स अगस्टाइन हिक्की. जिन्होंने यह सपना साकार किया. बताते चलें कि, यह अखबार प्रति शनिवार को छपता था तथा इसका कीमत 21 हुआ करता था, बाद में यह अखबार 17 नवंबर 1780 को कोलकाता जनरल एडवाइजर में परिवर्तित हुआ उस समय इस




**पत्रकारिता दिवस पर विशेष**

अखबार का प्रसार संख्या 400 से अधिक था जो अपने ही सरकार के खिलाफ लिखते थे. यह तो आग्ल भाषा में प्रकाशित देश के प्रथम अखबार की बात हुई, पर किसी भी भारतीय भाषाओं में भारत से प्रकाशित समाचार पत्रों में बाग्ला भाषा में राजा राममोहन राय द्वारा 19वीं सदी के पूर्वार्ध में प्रकाशित सुधारवादी समाचार पत्र संवाद कौमुदी का स्थान आता है जो 1821 में प्रकाशित हुआ बाद में यह समाचार पत्र दैनिक में परिवर्तित हुआ सन 1822 में राजा राममोहन राय ने पुनः एक पत्र निकाला मीरात-उन-अखबार जिसे हम समाचार दर्पण या Mirror of news के नाम से जानते हैं, यह फारसी भाषा में लिखा अखबार था. इसका जिक्र इसलिए भी जरूरी होता है कि, इसका प्रकाशन किसी भारतीय ने किया था.

इसी साल दो और अखबारों का प्रकाशन होता है- एक था फारसी अखबार जिसका प्रकाशन फरदूनजी मजबान द्वारा बांबे समाचार जिसे एशिया का प्रथम अखबार होने का श्रेय जाता है जिसने 1 जुलाई 2022 को अपने प्रकाशन का 200 वा स्थापना दिवस मनाया दूसरा अखबार था जाम-ए- जबनुमा यह भी देश का प्रथम उर्दू अखबार था जिसकी स्थापना 27 मार्च 18 22 को हरिहर दत्त द्वारा कोलकाता से किया गया था. यह पत्र लाल सदा सुखलाल के संपादन से शुरू किया गया था इसके मुद्रक ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारी और ब्रिटिश नागरिक विलियन हापकीस द्वारा किया गया था.

यह भी किसी गैर मुस्लिम द्वारा प्रकाशित एक भारतीय अखबार था, जो बाद में दिल्ली से भी प्रकाशित होने लगा. इसके बाद स्थान आता है हिंदी समाचार पत्र का. जिसके बगैर भारत की हिंदी पत्रकारिता दिवस की सार्थकता अधूरी रहेगी

### भारत का पहना हिंदी समाचार पत्र

उदंत मार्तंड जिसका अर्थ होता है उगता सूर्य या The rising Sun यह देश का प्रथम हिंदी समाचार पत्र है जिसका प्रकाशन 30 मई 1826 को तत्कालीन कोलकाता के कालू टोला वर्तमान में यह (कैनिंग स्ट्रीट क्षेत्र कोलकाता के प्रसिद्ध बड़ा बाजार के पास) नामक मोहल्ले में 37 नंबर अमरतला गली के पास पंडित जुगल किशोर शुक्ल के संपादन में हुआ था. यह पत्र एक ऐसे समय में प्रकाशित हो रहा था. जब देशभर के हिंदी भाषी लोगों को इसकी आवश्यकता अनुभव होने लगी थी. यह अनेक विरोधाभासी एवं अग्रेजी शासन के विरुद्ध आमजन की आवाज बनकर उठने का एक प्रयास था, किंतु अनेक कानूनी प्रकरणों उलझनों तथा पर्याप्त पाठकों का सहयोग ना मिल पाने के कारण इस पत्र को 19 दिसंबर 1827 को बंद करना पड़ा 12M8 साइज का यह पत्र 500 प्रतियों के साथ प्रत्येक मंगलवार को छपा करता था इस पत्र में ब्रज एवं खड़ी बोली दोनों का मिश्रित रूप प्रयोग किया जाता था. जिसे सचालक आम बोलचाल की भाषा में मध्यदेशीय भाषा कहते थे. पत्र के अंतिम अंक में संपादक की पीड़ा झलकती है उन्होंने लिखा-

आज दिवस लौ उग चुग्यों उदंत, अस्ताचल को जात है दिनकर दिन अब अंत

इस प्रकार उदंत मार्तंड हिंदी पत्रकारिता की जननी के साथ मिल का पत्थर बन सका

### व्यवसायिकता की ओर अग्रसर आज की मीडिया

आरंभिक दौर में समाचार पत्रों का उदय मिशनरी भाव को लेकर हुआ था. कितु आज उसमें व्यवसायिकता अधिक और मिशनरीज भावनाए कम देखी जाती है यही कारण है कि आज समाचार जगत को उद्योगों का दर्जा प्राप्त है. यदि हम कुछ मामलों में यूनेस्को की रिपोर्ट पर नजर डालें तो आज की पत्रकारिता इस पर खरा उत्तरता है. यूनेस्को ने प्रति 100 व्यक्ति पर 10 अखबार, 5 रेडियो सेट, 2टी.वी. सेट और दो सिनेमा टिकट की आवश्यकता प्रतिपादित की है. इस दृष्टि से यह आज मजबूत जान पड़ता है.

इस समय पूरे भारत में डेढ़ लाख के आसपास पंजीकृत समाचार पत्र-पत्रिकाएं, व 1000 के आसपास सैटेलाइट टीवी चैनल हैं जो लोगों को उनकी आवश्यकता पूरी करने के लिए पर्याप्त है. मीडिया की यह क्रांतिकारी प्रगति आपके डाइनिंग रूम और बेडरूम से लेकर आपके पाकेट तक पहुंच चुका है इतना सब कुछ प्रगति होने के बावजूद भी भारत के एक बहुत बड़े वर्ग मीडिया के नेतृत्व पदों परिवर्तन कहां पर हैं, और कितना है? क्या मीडिया में भी इन पर भेदभाव होता है? आईए हम संक्षेप में इस पर चर्चा करने का प्रयास करते हैं

उदाहरण के लिए धर्मांतरण पर जिक्र तो समाचार पत्रों में होता है जिसमें अनुसूचित और पिछड़े वर्गो द्वारा इसाई और इस्लाम में परिवर्तन की यदाकदा समाचार बनते बिगड़ते देखा गया है पर हजारों और लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष लोग बुद्धिस्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं जिसका जिक्र मुख्य धारा की मीडिया में नहीं के बराबर होता है वही दलित उत्पीडन की घटनाएं समाचारों की सुर्खियां बनते रहा है पर इन वर्गों की उपलब्धियां और प्रगति देश के समाचार में प्रमुख खबर कभी नहीं रहा इसका मुख्य कारण मीडिया में इन वर्गों की उपस्थिति का नगण्य या हासिये पर होना रहा है.

ऑक्सफैम इंडिया न्यूज लॉन्ड्री के एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय मीडिया में लगभग 90त्न नेतृत्व पर्दा पर उच्च जाति के समूहों का एक तरफा कब्जा है. मुख्य धारा की मीडिया में इन वर्गों का कहीं भी नेतृत्व नहीं रहा है. इस रिपोर्ट के अनुसार 43 भारतीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया का उनके कवरेज, नेतृत्व के सामाजिक संस्थान और संगठनों द्वारा नियोजित पत्रकारों की जाति का अध्ययन किया गया, जिसके तहत 121 न्यूज रूम नेतृत्व पर्दा पर प्रधान सपादक, प्रबंध संपादक, कार्यकारी संपादक, ब्यूरो प्रमुख, इनपुट और आउटपुट संपादक में से 106 पर उच्च जातियों का कब्जा है पांच पर अन्य पिछड़ा वर्ग तथा छह पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा तथा चार की पहचान नहीं हो सकी.

यदि प्राइम टाइम शो पर होने वाले डिबेट पर नजर डालते हैं तो हर चार एकरों में से तीन ऊंची जाति के होते हैं. मीडिया के अंदर की यह स्थितिया बताती है कि. मीडिया को इन वर्गों से जुड़े समाचार तो चाहिए किंतु, इन वर्गों का मीडिया में प्रतिनिधित्व स्वीकार्य नहीं है आज जब हम आजादी के आठवें दशक में है तथा भारतीय पत्रकारिता के 200 वे वर्ष मनाने जा रहे है तब तक यह स्थितियां है तो सोचिए आने वाले समय में मीडिया में किस प्रकार पूंजीवाद और पुरोहित वाद हावी रहेगा और इसे अपनी बपौती समझेगा सहज रूप से अनुभव किया जा सकता है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 161 अयोध्या में उत्सव की तैयारी, राजा दशरथ का श्री राम को बुलावा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ के ज्योतिष संबंधी विवरण का ऋषि वामदेव ने भी समर्थन किया। अंत में यही निर्णय हुआ कि श्रीराम का राज्याभिषेक कल पुष्य नक्षत्र के मुहूर्त में ही किया जाए।

मंत्रीपरिषद की बैठक के समापन अवसर पर महाराज ने घोषणा की, ''अयोध्या नरेश यह घोषणा करते हैं कि कल उनके ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार राम का राज्याभिषेक होगा। संपूर्ण अयोध्या में राज्योत्सव की तैयारी प्रारंभ की जाए। राम और सीता आज से ही व्रत और नियम का पालन प्रारंभ करेंगे। राम के राज्याभिषेक के संबंध में कौशल प्रदेश के सभी जनपदीय निवासियों और ग्रामीणों को आज ही सूचित कर दिया जाए।''

राजा दशरथ की घोषणा के बाद अयोध्या में उत्सव की तैयारियां होने लगीं। राजा दशरथ अपने राजप्रासाद पहुंचे। उन्होंने सेविका को भेजकर श्री राम को तत्काल अपने पास बुलवाया।

श्री राम उस समय अपने निजकक्ष में जानकी जी के साथ थे।

जानकी जी वृहदारण्यक उपनिषद का एक मंत्र पढ़ रही हैं:-

इदं ब्रह्म, इदं क्षत्रं, इमे लोका, इमे देवः, इमानी भूतानि, इदं सर्वं यद् अयं आत्मा।

श्री राम ने पूछा, ''ऋषि याज्ञवल्क्य ने इस मंत्र का क्या अर्थ बताया है सीते?''

''आप तो वेदों और उपनिषदों के ज्ञान में निष्णात हैं स्वामी, फिर भी पूछ रहे हैं। जब ऋषि याज्ञवल्क्य पिताश्री से इस मंत्र के संबंध में चर्चा कर रहे थे तो संयोगवश मैं भी वहां पर उपस्थित थी।तो उन्होंने इसका अर्थ यह बताया था:- जो हम देख रहे हैं, वह सब आत्मा ही तो हैज़्यह ज्ञान का स्रोत; यह शक्ति का स्रोत; ये सभी लोक; ये सभी देवतागण; ये सभी प्राणी - ये सब केवल आत्मा हैं।'' सीता जी ने मुस्कुराते हुए कहा।

''अद्भुत सीते! ऋषि ने अपने इस श्लोक में आत्मा को देह के भीतर की स्थिति के साथ-साथ संपूर्ण जगत में व्याप्त बताया है। यह होना चाहिए, विश्व आत्मा बनने की ओर मनुष्य का लक्ष्य। संवेदना और करुणा का विस्तार तो जग के सभी प्राणियों के प्रति होना चाहिए।''श्री राम ने कहा।

''आपने उचित कहा आर्य पुत्र!''

ऐसा कहती हुई सीता जी गवाक्ष के समीप पहुंच गईं और फिर चौंक पड़ीं।

''यह राजमार्ग में कैसी हलचल हो रही है स्वामी? ऐसा लग रहा है कि किसी उत्सव की तैयारी हो रही है।''

जानकी जी के पास आते हुए श्री राम ने कहा, ''यह अयोध्या है देवी! उत्सवों की नगरी...''

अभी श्री राम अपनी बात पूरी कर पाते, इसके पूर्व कक्ष के द्वार पर सेविका ने भीतर प्रवेश की अनुमति मांगी।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)




## कविता

### औरों की गलतियाँ न कहो जमाने से

औरों की गलतियाँ न कहो जमाने से,
अपनी सदा सुधरती है, सत्मार्ग अपनाने से,
गंगा जाओ, काशी जाओ, रोज डुबकियाँ लगाओ,
जब मन का मैल न धुले तो क्या फायदा नहाने से।।
गलतियाँ औरों की झाँकना, कोई बड़ी बात नहीं,
स्वयं को सुधारने जैसा क्या तप है और कहीं?
लाखों इंसान इस तप से देवता बनें हैं,
अपने आप को तुम सुधारकर देखो तो सहीं।।
खुद सुधर पाया नहीं, संसार को सुधारने चला,
कभी अमरबेल किया है किसी पेड़ का भला?
शहद नहीं तो नीम बनकर सहीं।
कभी हर कर तो दिखाओ किसी प्राणी की बला।।
झाँकोगे खुद को तो गर्दन झुक जाएगा,
स्वयं से बेहतर औरों को पायेगा,
लिख ले, जिस दिन तू स्वयं को सुधार लेगा,
इस संसार में चारों ओर तुझे
अच्छा नजर आएगा।।



राम कुमार चन्द्रवंशी, बेलरगोंदी (छुरिया)
जिला-राजनांदगांव(छ.ग.), 9179798316

## सामयिक चर्चा

### क्षण भर की खुशी

बानी बोले- ''गजाधर!
आज हम चुनाव से हटकर
एक अच्छी खबर सुना रहे हैं-
हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री
विष्णु देव जी साय,
स्वामी विहीन गो वंश,
जो सड़कों में विचरण करने मजबूर हैं,
उनकी सुध लेते हुए,
'गोवंश अभ्यारण्य योजना ला रहे हैं।
ऐसी कारगर योजना से अब
सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।
तो गजाधर!
हम गोवंश अभ्यारण्य योजना पर
आपका सुजरा मन, क्या कहेगा?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
देखो, जब भी कोई नई सरकार आती है
वह मवेशियों के कारण
होने वाली दुर्घटनाओं को दूर करने के लिए
एक से एक चिन्ताकर्षक योजना लाती है।
फिर उसके बाद.....
उसके बाद फिर वही रफ्तार बढ़ेगी,
चलने लगती है,
और दुर्घटनाएँ बदस्तर
जारी रहती है।
हाँ! यह बात जरूर है बानी!
कि ऐसी उत्साहवर्धक योजना की
खबर पढ़कर हमारे मन में
क्षण भर की खुशी,
अवश्य जगती है।''



- गिरीश बख्शी

## //बाल कविता//

### //घड़ा मिट्टी का//

घड़ा बना हूँ मैं मिट्टी का,
आता सबके काम।
जैसे गर्मी बढ़ती जाती,
सभी पुकारे नाम।।
भरे नीर सब मेरे भीतर,
रखकर मुझसे आस।
मानव तन को शीतल करता,
और बुझाता प्यास।।
दर्द सहन कितना मैं करता,
देह झुलसती आग।
उस पल ऐसा लगता बच्चों,
जल्दी जाऊँ भाग।।
माटी से मैं पैदा होता,
माटी में ही अंत।
जातङ्कपात ना मुझमें देखें,
असंत हो या संत।।
जीवन में ऐसा कर जाओ,
करें सभी स्वीकार।
द्वेष कपट की त्याग भावना,
मिले जगत में प्यार।।



प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। व्यापार में आपको नए सुनहरे अवसर मिलने की संभावना है। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एंड फाइन रहेगी।

**वृषभ** — आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा, रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं, बेहतर होगा किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है।

**मिथुन** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं। आज अपने कार्यों को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाए आज घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी। आज जीवनसाथी से मनपसंद उपहार मिलेगा।

**सिंह** — आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। छात्रों को अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह किसी अनुभवी की मदद से सॉल्व हो जायेगी।

**कन्या** — आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज आपका मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढने में सफल होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से काफी मजबूत होगी। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा।

**तुला** — आज आपके मन में नएङ्कनए विचार आएंगे। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने के लिए उत्साहित रहेगा। आज आप आपने बनाए प्लान में थोड़ा बहुत बदलाव करेंगे, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। आज प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़ेङ्कबुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। आज आपका झुकाव समाजसेवा की तरफ रहेगा। जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे।

**धनु** — आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज लोगों के बीच आपका मानङ्कसम्मान बढ़ेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मकर** — आज कार्यस्थल पर अधिकारी आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। कला से जुड़े लोगों के अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी बात किसी बचपन के दोस्त से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से सलाह लेना कारगर साबित होगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहेगा। आज जिस भी कार्य को शुरू करेंगे उसमें आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। संतान के करियर को लेकर आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए टालना पड़ सकता है। ऑफिस में बॉस आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

# राशन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने विक्रांत सिंह से लगाई गुहार

**समय सीमा में राशन वितरण करने शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने दिया समझाईस**



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बुढानभाठ के आश्रित ग्राम धारिया में राशन वितरण की समस्या को लेकर लगभग 70 ग्रामीण खैरागढ़ पहुँचे जहां खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह से मिलकर अपनी गुहार लगाई। जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि माह मई का राशन अभी तक ग्रामवासियों को नही मिला है, जिससे ग्रामीणों को राशन की समस्या हो गई है, जिस पर विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुनकर तत्काल फूड इंस्पेक्टर को बुलाया तथा ग्रामीणों की समस्या को तत्काल दूर करने की समझाईस दी वही ग्रामीणों ने विक्रांत सिंह को यह भी बताया कि राशन लेने के लिए ग्राम पंचायत बुढ़ानभाठ जाना पड़ता है।

जिसकी दूरी लगभग 8 किलोमीटर है उक्त बातें कहकर ग्रामीणों ने एक स्वर में राशन के लिए विक्रांत सिंह को नजदीक में राशन वितरण कराने की मांग रखी जिस पर विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी जुलाई माह से छुईखदान से राशन दिलाया जाएगा। साथ ही विक्रांत सिंह ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे अंतिम व्यक्ति तक शासन का लाभ पहुँचाया जाएगा। जिस पर ग्रामीणों ने विक्रांत सिंह का आभार जताया व ग्राम धारिया आने का निवेदन किया इस दौरान तेजराम जांगड़े, मनोहर टण्डन, ओमकार सिन्हा, मोतीराम साहू, दादूराम पटेल, दुवासु नायक, बलदेव गुड़ी, अशवन पटेल, राजकुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना केंद्र हेतु मीडियाकर्मियों के लिए जारी किए निर्देश




बालोद (दावा)। लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर कुछ ही दिन बचे हैं, आगामी 4 जून को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आ जाएगा। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है, इसी कड़ी में आज कलेक्टोरेट में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के मीडिया कर्मियों को प्रेस वार्ता में संबोधित किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना केंद्र हेतु मीडिया कर्मियों के लिए जारी निर्देशों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मतगणना दिनांक 04 जून समय प्रातः 08.00 बजे से स्थान लाईवलीहुड कालेज पाकुरभाट, बालोद में आयोजित है। विधानसभावार मतगणना हॉल बनाये गये हैं, एक मतगणना हॉल में 14 मतगणना टेबलों पर मतगणना का कार्य होगा। एक चरण में 14 मतदान केन्द्रों की गणना होगी। मतगणना स्थल पर मीडिया केन्द्र स्थापित किया जावेगा। जनता और मीडिया को रूझानों और परिणाम का प्रचार करने के लिए लाउडस्पीकर की उचित व्यवस्था की जावेगी।

जनसंपर्क अधिकारी द्वारा चयनित मीडियाकर्मी (ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें ईसीआई द्वारा पास दिया गया है) को समय-समय पर मतगणना हॉल में प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना स्थल पर लगे घेरा (जहां मतगणना अभिकर्ता बैठते हैं) के बाहर से म्यूट वीडियोग्राफी (बिना आवाज के ओव्हर व्यू वीडियो) लेने की अनुमति होगी। वीडियोग्राफी केवल ईवीएम मशीनों की मतगणना प्रोसेसिंग का लिया जायेगा। वीडियोग्राफी लेने की समयावधि 5-6 सेंकड से अधिक नहीं होगी।

उन्होंने कहा की मीडियाकर्मी द्वारा स्टेटिक कैमरा (विथ स्टैंड) वर्जित है। केवल हैंडीकैम कैमरा (हैंडलहेल्ड कैमरा) का उपयोग कर सकते हैं। मीडियाकर्मी द्वारा केवल वीडियोग्राफी किया जायेगा, जूम फोटोग्राफी लेना वर्जित है। मतगणना हॉल के अंदर किसी भी प्रकार का डिजीटल डिवाईस, मोबाईल, डिजीटल वॉच लाना वर्जित है। मतगणना हॉल में फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। बिना फोटो पहचान पत्र के प्रवेश वर्जित होगा। इस हेतु मीडिया पास पहले से जारी किया जायेगा। मतगणना हॉल में मीडियाकर्मी द्वारा एक ईवीएम में दर्ज वास्तविक वोट की कोई रिकार्ड नहीं की जावेगी। अंत में उन्होंने कहा की जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के मीडया सेंटर से काउंटिंग हॉल तक कम अवधि के लिए दो-तीन मीडियाकर्मियों को जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जाली के बाहर से अवलोकन के लिए प्रवेश दिया जायेगा।

# पहला कॉलम...

## डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा बिछड़े को अपनों से मिलाया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र.-59/2024 के गुमशुदा व्यक्ति उम्र 28 साल का जो घर से बिना बताये कहीं चला गया था जिसकी पता तलाश कर आज दिनांक को दस्तयाब किया गया है गुम व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताया। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

## चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध, चोर, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज दिनांक 29 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम भोथली का लेखराम पटेल नाम व्यक्ति अपने घर के पास लोहे का धारदार चाकू रखकर लोगों को दिखाकर लहराकर डरा धमका रहा है।

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी लेखराम पटेल पिता शंगलू राम पटेल उम्र- 36 साल निवासी भोथली थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. को चाकू लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## कल अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस

मोहला (दावा)। धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिससे जनसामान्य में धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी समुदाय में प्रसारित किया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से नशापान के दुष्प्रभाव का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नशा मुक्ति के संबंध में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नशा मुक्ति के संबंध में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशा मुक्ति साहित्य का वितरण, नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाकर धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## विकासखंड स्तरीय विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन

मोहला (दावा)। जनपद पंचायत मोहला में विकासखंड स्तरीय विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानी व स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को माहवारी के समय आने वाले शारीरिक व मानसिक समस्याओं के निदान व माहवारी के समय उचित देखभाल के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ योगेश भगत, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर प्रीति, जनपद पंचायत के एसबीएम व एनआरएलएम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय समर कैंप चेंदरी बननवागांव में



हरदी (दावा)। समर कैंप के मुख्य अतिथि एच.एल.हिरवानी संकुल प्राचार्य, कार्यक्रम की अध्यक्षता जी.आर. यदु व्याख्याता तथा विशिष्ट अतिथि बी.आर. करसेल, के.सी. आर्य, पी.के. ठाकुर एवं व्यायाम शिक्षक देहारी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टॉफ मौजूद थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना के साथ हुआ। समस्त मंचासिन अतिथियों का गुलाल अभिषेक द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात बच्चों की रचनात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकार, गायन, वादन, निबंध एवं कहानी लेखन, हस्त लिपि, खेल-कूद, नृत्य, मेहंदी कलाकृति आदि का आयोजन किया गया। मंचासिन अतिथियों द्वारा बच्चों की विभिन्न गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की शुभकामना दी गई, समर कैंप के सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, समर कैंप के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला चेन्द्रीबन नवागांव प्राथमिक शाला भाटापारा, प्राथमिक शाला सिर्राभाठा, प्राथमिक शाला सिर्राभाठा(टी), प्राथमिक माध्यमिक शाला बोइरडीह, प्राथमिक शाला रानीतराई के 22 शिक्षक एवं 97 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए संकुल स्तरीय समर कैंप की संपूर्ण गतिविधियों का निर्देशन संकुल समन्वयक प्रकाश जोशी द्वारा किया गया।

# गोंड समाज अंबागढ़ चौकी के ब्लॉक अध्यक्ष छबिलाल वट्टी ने स्वजाति जनों से बहकावे में नहीं आने की अपील की

**समाज के विघ्नसंतोषी तत्वों के द्वारा समाज को नागवंशी के नाम पर दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया**

राजनांदगांव (दावा)। गोंड समाज संभाग मोहला के अंतर्गत अंबागढ़ चौकी के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष छबिलाल वट्टी ने गोंड समाज के लोगों को नागवंशी गोंड समाज के नाम से समाज को दिग्भ्रमित और दो भागों में बांटने वाले लोगों के बहकावे में नही आने की अपील की है।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि समाज के कुछ स्वार्थी तत्वों के लोगों के द्वारा नागवंशी गोंड समाज के नाम पर समाज को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागवंशी गोंड समाज के पक्ष में अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के कुछ हिस्से के लोग शामिल है। श्री वट्टी ने कहा कि गोंड महासभा मोहला के पक्ष में महाराष्ट्र राज्य के ईस्तारी कोटगुल एवं कोरची के अलावा खुज्जी, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, मानपुर, मोहला एवं अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के आधा भाग के अलावा भानुप्रतापपुर एवं दुर्गकोंदल सहित सभी ब्लॉक शामिल है। उन्होंने बताया कि नागवंशी गोंड समाज के चलते आने वाले समय में जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा आरक्षण आदि संवैधानिक अधिकारों के अलावा बेटी-रोटी के संबंध में बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। श्री वट्टी ने चौकी ब्लॉक के गोंड समाज के पक्ष में शामिल होने वाले स्वजाति जनों को लिखित सहमति पत्र अपने पास बिना किसी भय के प्रस्तुत करने का विनम्र निवेदन भी किया है। जिससे कि उनको गोंड समाज में शामिल किया जा सके।

## ओडीएफ प्लस मॉडल का क्रियान्वयन के संबंध में जनपद पंचायत स्तर पर एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

मोहला (दावा)। ओडीएफ प्लस मॉडल का क्रियान्वयन के संबंध में जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के तीनों जनपद पंचायत, मोहला, मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिवों, स्वच्छता ग्राही समूह की सक्रीय महिलाएं शामिल हुई। कार्यशाला के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने, ग्रामों से निकलने वाले कचरा संग्रहण व प्रबंधन करने, कचरा संकलन कर फिर से उपयोग में आने वाले सामग्रियों को अलग कर रिसाइक्लिंग करने के उपाय, नालियों की साफ-सफाई करने, स्वच्छता को जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करने के संबंध हमें विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# मतगणना कार्य में लगे अधिकारीयों कों दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 राजनांदगांव के अंतर्गत विधानसभा मोहला-मानपुर के मतों की गणना 4 जून को शासकीय नवीन लाल श्याम शाह महाविद्यालय में किया जायेगा। मतों की गणना के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना अभिकर्ताओं को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

**मतगणना दिवस पर वैधानिक प्रावधानों की दी गई जानकारी**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को मतगणना दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैधानिक प्रावधानों, मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारियों का प्रवेश, सुरक्षा उपाय, मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, प्रतिबंधात्मक सामग्रियों को लेकर प्रवेश करना वर्जित, बिना अधिकृत प्रवेश पास के मतगणना स्थल पर प्रवेश करना वर्जित, सुरक्षात्मक उपाय आदि के सम्बन्ध मे बताया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने इस दौरान कहा कि मतों की गणना कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए नियमानुसार कार्रवाई करें। तनावरहित, गंभीरता पूर्वक, निष्पक्षता से कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शीता पूर्वक किया जायेगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। गणना कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी या गणना अभिकर्ता मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगायें गयें हैं।

17 राउंड में मतों की गणना की जायेगी। प्रशिक्षण प्रभारी धर्मेन्द्र सारस्वत, शाहिद कुरैशी एवं अजय तिवारी ने गणना अभिकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देते हुए गणना से संबंधित सभी बारीकियां की जानकारी दी। कंट्रोल यूनिट से गणना के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में कहा गया कि गणना निर्वाचन का अंतिम चरण है, सभी से भलीभांति कार्य संपादन की अपेक्षा की जाती है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित सभी गणना सुपरवाईजर उपस्थित थे।

# आज सिन्हा समाज की जिला स्तरीय बैठक मुरमुंदा में

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज की जिला स्तरीय आवश्यक बैठक आज गुरूवार 30 मई को ग्राम मुरमुंदा में सुबह 11 बजे से आहूत की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय स्तर पर सामाजिक नियमावली में संशोधन हेतु मांगे गये सुझाव पर चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा।

**सामाजिक नियमावली में संशोधन हेतु लिये जायेंगे सुझाव**

समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा तथा जिला मीडिया प्रभारी सोनकुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से बताया कि इन दिनों छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के नियमावली में संशोधन की प्रक्रिया चल रही है। नियमावली में संशोधन हेतु जिला स्तर पर बैठक रखकर प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सुझाव आमंत्रित किया गया है।

इसको देखते हुए कल 30 मई को डोंगरगढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत तिरेला कुर्मी भवन बाजार चौक मुरमुन्दा में जिले में निवासरत समस्त प्रांतीय व जिला पदाधिकारियों सहित तहसीलों के मंडलेश्वर, सचिव, कोषाध्यक्ष से लेकर क्षेत्राधिकारी व ग्राम प्रमुखों सहित सभी स्तर के पूर्व पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक सुबह 11 बजे से आहूत की गई है। जिसमें सभी से समय पर उपस्थिति की अपील जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा एवं जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने की है।

# डोंगरगढ़ के खिलाड़ियों ने गोवा में छत्तीसगढ़ टीम का बढ़ाया वर्चस्व



डोंगरगढ़ (दावा)। तृतीय टी-10, ओवर आर्म क्रिकेट इंटर डिस्ट्रिक चैंपियन शीप 2024 का भव्य आयोजन गोवा में संपन्न हुआ, जिसमें महाराष्ट्र कर्नाटक गोवा तेलंगाना गुजरात राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ की टीम अपना खेल प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाने के लिए मैदान पर उतरी 20 से 22 मई तीन दिवसीय टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के अंदर-19 बालक की टीम प्रथम स्थान बनाकर विजय रहा एवं अंडर 17 बालक छत्तीसगढ़ की टीम उप विजेता रही ग्राम अछोली निवासी पिता संजय रॉय माता श्रीमती प्रमिला रॉय के सुपुत्र रोशन रॉय ने ग्राम अछोली व छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाते हुए अंडर 17 में टी-10 टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता गोवा में छत्तीसगढ़ की टीम से, शुभम साहू, रोशन राय, कमल यादव, वंश शेंडे, ओम वरकड़े, पारख जगनायक, विनायक अग्रवाल, सौरभ सिन्हा, स्वरूप निषाद, निहार किरमे, भविष्य शेंडे, मयंक उईके छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के डोंगरगढ़ आगमन पर ग्राम अछोली निवासी खिलाड़ी रोशन रॉय पिता संजय रॉय माता श्रीमती प्रमिला रॉय द्वारा गांव का गौरव बढ़ाने पर गौठान पुराना अछोली 28 मई को सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल (विधायक डोंगरगढ़) विशिष्ठ अतिथि श्रीमती मनीषा नेताम (सरपंच) संजय साहू (उपसरपच) वरिष्ठ नागरिक फिरंगीराम पटेल, चुमन दास साहू, भुनेश्वर साहू, धनुष वर्मा, योधनदास साहू, घनश्याम साहू, रूपेश वर्मा, लता साहू, आदि की उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा विजय खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के तरह से विजेता टीम के सेक्रेटरी अशोक मेहरा, सहायक बापू राव जनबंधु, कोच संतोष यादव, नवनीत द्विवेदी, सूरज रामटेके, गोपाल सोनी, हिरेंद्र परमार एवं अन्य ने बधाई देते हुऐ उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पीएमश्री स्कूल के जिला स्तरीय समर कैंप का समापन वेसलियन स्कूल खैरागढ़ में




खैरागढ़ (दावा)। गर्मी के दिनों में केसीजी जिला प्रशासन के निर्देशन पर जिला शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों में चलाए जा रहे समर कैंप का वेसलयन स्कूल अमलीपारा में समापन हुआ।

जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा के विशेष मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर जे अंजनी गांगुली, विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ.पीसी लाल यादव, एक्सिस बैंक के क्लस्टर प्रभारी सुमीर कुमार पात्रो उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने किया। इस कार्यक्रम में जिले के चार पीएम श्री स्कूल, प्रा.शा.लालपुर कुकुरमुड़ा, हाटभंजा एवं टिकरीपारा के शिक्षक एवं विधार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। डॉ.पीसी लाल यादव द्वारा विद्यार्थियों को अनेकों प्रकार के चुटकुला गीत कविता जनउला के माध्यम से मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे से लेकर 12:00 तक सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक रश्मि खरे, नोडल अधिकारी पवन ददरिया, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, मोनिका यादव, बीआरसी सुजीत चौहान, डॉ. मोनिका सिंह सहित समस्त पीएम श्री स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभाष पाठक के द्वारा किया गया।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार : सेंसेक्स में गिरावट जारी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में आज गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है. इससे पहले सुबह 9.15 बजे बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई. बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान के साथ ओपन हुए. कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते बाजार में गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है. इसमें घरेलू निवेशकों की खरीदारी कम होने से और ज्यादा फर्क पड़ रहा है.

बुधवार को बीएसई का सेंसेक्स 343.52 अंक या 0.46 फीसदी टूटकर 74,826.94 के लेवल पर ओपन हुआ है. जो पिछले दिन 75170.45 के स्तर पर बंद हुआ था. जबकि एनएसई का निफ्टी 125.40 अंक या 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ 22,762.75 के अंक पर ओपन हुआ. जो मंगलवार को 22888.15 के लेवल पर बंद हुआ था. वहीं बैंक निफ्टी 355.45 टूटकर 48786.70 के लेवर पर खुला जो पिछले दिन 49142.15 के स्तर पर बंद हुआ था.

## पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह झूठ : अदाणी समूह

नई दिल्ली। अदाणी समूह ने बुधवार को साफ कर दिया कि पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह से झूठी है। अदाणी समूह ने इस तरह की मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अदाणी समूह वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के मालिकाना हक वाली फिनटेक कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए पेटीएम के साथ बातचीत कर रहा है। अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा, हम इस तरह की निराधार खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। यह पूरी तरह से झूठ और असत्य है। स्टॉक रेगुलेटरी फाइलिंग में पेटीएम ने भी इस तरह के किसी भी कदम से इनकार किया है। पेटीएम ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह खबर अटकलबाजी है। कंपनी इस संबंध में किसी भी बातचीत में शामिल नहीं है। कंपनी ने कहा, हमने हमेशा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के तहत अपने दायित्वों (ऑब्लिगेशंस) के अनुपालन में खुलासे किए हैं और करते रहेंगे।

## चांदी हुई महंगी, सोने का दाम भी बढ़े

नईदिल्ली। सोने चांदी के वायदा भाव में आज तेजी देखने को मिल रही है। आज सोने वायदा भाव की शुरुआत जरूर गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव में तेजी देखी जाने लगी। चांदी वायदा के भाव मंगलवार को सर्वोच्च स्तर छूने के बाद आज भी तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,300 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 25 रुपये की गिरावट के साथ 72,155 रुपये के भाव पर खुला। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 103 रुपये की तेजी के साथ 72,283 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,289 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,150 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 54 रुपये की तेजी के साथ 95,502 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 232 रुपये की तेजी के साथ 95,680 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 95,749 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,364 रुपये के भाव पर दिन निचला स्तर छू लिया। मंगलवार को चांदी के वायदा भाव ने 96, 220 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## सैन्य विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

अल्बुकर्क। न्यू मैक्सिको के सबसे बड़े शहर अल्बुकर्क में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मंगलवार को एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद धुएं का एक बड़ा गुबार भी देखा गया। इस हादसे में पायलट घायल है। अल्बुकर्क के अग्निशमन विभाग के अनुसार, विमान में सवार एकमात्र व्यक्ति, दोपहर 2 बजे हवाई अड्डे के दक्षिणी हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बच निकलने में सफल रहा। हालांकि हादसे के दौरान पायलट को चोट आई और उसे अस्पताल ले जाया गया। किर्टलैंड एयर फोर्स बेस दुर्घटना की जांच का नेतृत्व कर रहा था। बेस ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। पिछले महीने न्यू मैक्सिको में सैन्य विमान की यह दूसरी दुर्घटना है। अप्रैल में, राज्य के दक्षिणी भाग में होलोमन एयर फोर्स बेस के पास एक सुदूर इलाके में एक स्न-16 फाइटिंग फॉल्कन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसके बाद विमान से बाहर निकलने पर पायलट को मामूली चोटें आईं थीं।

# नीदरलैंड्स ने श्रीलंका को 20 रनों से हराया

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले बड़ा उलटफेर देखने को मिला. नीदरलैंड्स ने श्रीलंका को 20 रनों से हरा दिया. मैच में नीदरलैंड्स ने पहले बैटिंग की और लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को शिकस्त झेलनी पड़ी. रन चेज़ करते हुए श्रीलंका ऑलआउट हो गई. श्रीलंका ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया था, जो बिल्कुल भी उनके पक्ष में नहीं गया और रन चेज करते हुए उन्हें हार का सामना करना पड़ा.




बता दें कि टी20 विश्व कप से पहले वॉर्मअप मैच खेले जा रहे हैं. श्रीलंका और नीदरलैंड्स के बीच भी वॉर्मअप मुकाबला खेला गया. इस मैच में नीदरलैंड्स ने श्रीलंका को 20 रनों से शिकस्त दी. पहले बैटिंग करते हुए नीदरलैंड्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बोर्ड पर लगाए थे. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम 18.5 ओवर में 161 रन पर ऑलआउट हो गई. यह मैच लॉडरहिल में खेला गया था.

बांग्लादेश और अमेरिका के बीच 21 से 25 मई के बीच तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज़ खेली गई थी. इस सीरीज़ में अमेरिका ने शुरुआती दो मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बांग्लादेश को सीरीज़ हरा दी थी. पहले मैच में अमेरिका ने 5 विकेट से और दूसरे में 6 रनों से जीत दर्ज कर की थी. हालांकि तीसरे मैच में बांग्लादेश ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी. लेकिन बांग्लादेश को अमेरिका के खिलाफ 2-1 से सीरीज़ गंवानी पड़ी थी.

अमेरिका से पहले बांग्लादेश ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ खेली थी. बांग्लादेश ने शुरुआती 4 मैचों में जीत दर्ज की थी. लेकिन फिर पांचवें और आखिरी मैच में ज़िम्बाब्व ने 8 विकेट से बांग्लादेश को शिकस्त दी थी. लक्ष्य का पीछा करते हुए ज़िम्बाब्व ने 18.3 ओवर में जीत दर्ज कर ली थी. ज़िम्बाब्वे ने 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की थी.

# मौसम विभाग ने दी गुड न्यूज, छा सकते है घने बादल, गर्मी से मिलेगी राहत

नई दिल्ली। देश में भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने गुड न्यूज दी है। दिल्ली एनसीआर और यूपी समेत कई राज्यों में लू से राहत मिलने वाली है।

30 मई से घने बादल छाएंगे और ठंडी-ठंडी हवाएं चलेंगी, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी। अगले 24 घंटे में मानसून दस्तक देगा। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में गुरुवार से लू कम होने लगेगी। केरल में अगले 24 घंटे के दौरान मानसून के पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में जमकर बादल बरसेंगे। उत्तर भारत के राज्यों में भी तापमान में गिरावट आएगी और आसमान में काले बादल छाए रहेंगे।

बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों और ओडिशा में अगले 5 दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। 31 मई से लेकर 2 जून के बीच आकाशीय बिजली के साथ तेज आंधी चलेगी। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलने की संभावना है।

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम और त्रिपुरा में बिजली और तेज हवाओं के साथ मानसून बरसेगा। इन राज्यों में 30 मई को भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। केरल तट पर तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जिससे केरल, लक्षद्वीप, अंडमान एंड निकोबार, कर्नाटक में आज से लेकर 2 जून तक वर्षा होने के आसार हैं। तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा में 1 से लेकर 4 जून तक मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

# नॉर्वे शतरंज: वैशाली ने हम्पी को हराया प्रग्नानंदा को डिंग लिरेन से हार मिली

स्टावनगर। नॉर्वे शतरंज के दूसरे राउंड में सभी तीन क्लासिकल बाजियां बराबरी पर छूटीं लेकिन मैग्नस कार्लसन, अलीरेज़ा फ़िरोजा और डिंग लिरेन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए आर्मागेडन बाजियों (सडन डैथ) को जीत कर डेढ़-डेढ़ अंक हासिल कर लिए। भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रग्नानंदा आर, जो विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में 2-0 से आगे थे, नॉर्वे शतरंज के राउंड में अपना पहला क्लासिकल ड्रा खेला लेकिन चीनी ग्रैंडमास्टर फिर आर्मागेडन टाई ब्रेकर में विजयी रहे।




मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामूरा के बीच नजदीकी क्लासिकल मुकाबला ड्रा रहा लेकिन कार्लसन ने अपना कौशल दिखाते हुए आर्मागेडन में जीत हासिल की और टूर्नामेंट तालिका में अपनी बढ़त को तीन अंक पहुंचा दिया।

इस बीच अलीरेजा फिरोजा और फाबियानो कारूआना का क्लासिकल गेम भी ड्रा रहा। फिरोजा ने स्पीड शतरंज में अपनी महारत दिखाते आर्मागेडन मुकाबला जीता और महत्वपूर्ण डेढ़ अंक हासिल किये। महिला वर्ग में वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की। समय के दबाव में हम्पी की भयंकर भूल ने वैशाली को जीत का मौका दिया और उन्होंने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी को हरा दिया।

लेई तिंगजी और पिया क्रैम्लिंग के साथ-साथ जू वेनजुन और अन्ना मुज्यचुक के बीच अन्य दो क्लासिक मैच कड़े मुकाबले में ड्रा पर समाप्त हुए। वेनजुन और तिंगजी की चीनी जोड़ी ने अपने संबंधित आर्मागेडन मुकाबलों में जीत हासिल की।

# शाहरुख खान को मुथूट पप्पाचन ग्रुप ने बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

नईदिल्ली। मुथूट पप्पाचन ग्रुप (एमपीजी) ने शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। देश के इस 137 साल पुराने प्रमुख व्यापारिक समूह को मुथूट ब्लू के नाम से जाना जाता है। यह रणनीतिक गठजोड़ एमपीजी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसकी ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करेगा और यह पूरे भारत में विभिन्न पृष्ठभूमि वाले ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक नया तरीका है।

मुथूट पप्पाचन समूह भारत की कुछ प्रमुख एनबीएफसी का प्रवर्तक है, जिनमें मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (समूह की प्रमुख कंपनी), मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, मुथूट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।



यह भागीदारी देश के आर्थिक विकास और आकांक्षाओं को बढ़ावा देने से जुड़े एमपीजी के दृष्टिकोण और दृढ़ समर्पण को प्रदर्शित करती है। शाहरुख खान की प्रतिष्ठा इस नैरेटिव को और आगे बढ़ाएगी, जो सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के साथ जुड़ेगी और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। मुथूट पप्पाचन समूह के अध्यक्ष, थॉमस जॉन मुथूट ने अपनी टीम में शाहरुख खान के शामिल होने पर उत्साह जताते हुए कहा, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। शाहरुख अपने साथ सिर्फ स्टार पावर ही नहीं ला रहे, बल्कि वह विनम्रता और अपने बल पर हासिल सफलता के भी प्रतीक हैं, जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा, शाहरुख खान की यात्रा हमारी कंपनियों में विभिन्न टचप्वाइंट पर सेवाओं को सुलभ बनाने, देश भर में आम आदमी को सशक्त बनाने के हमारे मिशन को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके जीवन की कहानी बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की ताकत दिखाती है। मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के सीईओ शाजी वर्गीस ने कहा, शाहरुख खान सिर्फ मशहूर ही नहीं हैं, वह विनम्रता और अपने बल पर बनाई शानदार ज़िंदगी के भी प्रतीक हैं। वह हमारे लक्षित वर्ग से एक ऐसे सामान्य आदमी के रूप में जुड़ते हैं, जिन्होंने बड़े सपने देखे और अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में दर्दनाक सड़क हादसा, बस खाई में गिरी; 28 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां तुर्बत से क्वेटा जा रही बस बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से करीब 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। इस यात्री बस के सड़क से उतरकर खड्ड में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।

सहायक आयुक्त (एसी) इस्माइल मेंगल ने पुष्टि की कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 अन्य की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई। मेंगल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यात्री बस का एक टायर मोड़ पर फट गया और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन गहरी खड्ड में गिर गया। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं,यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता।

पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे।

# भारतीय जवानों ने चीनी सैनिकों को चटाई धूल

**नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर पर संबंध सामान्य नहीं हैं। दोनों देशों के सैनिक जब भी सामने आए हैं तो तनाव भी साफ नजर आया है। ऐसा ही अब कुछ अफ्रीका के सूडान में हुआ है जहां भारतीय सैनिकों और चीनी सैनिकों का आमना-सामना हुआ। सूडान में भारतीय जवानों के सामने चीनी सैनिक पस्त नजर आए। यहां भारतीय जवानों ने चीनी सेना के जवानों को करारी शिकस्त दी है।**



भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों को कैसे मात दी है इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत सूडान में तैनात भारतीय सैनिक और चीनी सैनिकों के बीच रस्साकशी की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में दोनों देशों के सैनिकों दम दिखाया, लेकिन अंत में जीत भारतीय सैनिकों की हुई। जीत के बाद भारतीय सैनिक जश्न मनाते हुए नजर आए।

### भारतीय जवानों ने किया शानदार प्रदर्शन

सेना के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सैनिकों और चीन के सैनिकों के बीच संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशन के तहत सूडान, अफ्रीका में तैनाती के दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मुकाबले में भारतीय सेना की टीम ने चीन को हरा दिया। Tug शद्ध War में दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने थे, इस पूरे खेल की वीडियोग्राफी भी कराई गई थी। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही। फिजिकल फिटनेस और टीम वर्क के प्रदर्शन में भारतीय सैनिकों ने अपनी ताकत और दृढ़ संकल्प का शानदान प्रदर्शन किया।

यहां यह भी बता दें कि, संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षा मिशन का मकसद युद्ध प्रभावित देशों में सुरक्षा और शांति स्थापित करना है। शीत युद्ध के बाद से संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशन को युद्ध को जल्द खत्म करने, नागरिकों की रक्षा करने तथा दीर्घकालीन शांति एवं सुरक्षा को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार किया गया। इसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सैनिक, पुलिस और आम नागरिक शामिल होते हैं। यह उन इलाकों में तैनात किए जाते हैं जहां कोई अन्य देश या संस्था शांति स्थापित नहीं कर सकती है।

***नर्सिंग घोटाले में बर्खास्त होंगे एमपी....***

राज्यस्तरीय कॉमन प्रवेश परीक्षा से नर्सिंग कॉलेजों में दाखिला मिलेगा। इस बीच स्वास्थ्य विभाग, आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय भी हरकत में आ गया है। आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी की जानकारी मांगी है। विश्वविद्यालय के इस रवैये से सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या पहले बिना जांच किए ही कॉलेजों को संबद्धता दी गई थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी हैं। भ्रामक रिपोर्ट से अनफिट नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता लेने में मदद करने वाले अफसरों- कर्मियों की पहचान की जा रही है। ग्वालियर में दोषी पाए गए कर्मचारियों को पद से हटाने की कार्रवाई अंतिम चरण में है। आगे ऐसी लापरवाही पर संबंधित अफसर-कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इधर घोटाले पर कांग्रेस भी एक्शन में है। कांग्रेस ने सीएम से सवाल किया है कि क्या मौजूदा मंत्रिमंडल में कार्यरत तत्कालीन चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग पर भी बर्खास्तगी की गाज गिरेगी? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा ने इस संबंध में ट्वीट किया है।

***ई-वे बिल की छूट खत्म होने से...***

बोगस बिल जारी करने वालों के कारण उन्हें आइटीसी का लाभ नहीं मिल पाता है। ई-वे बिल में छूट की समाप्ति व्यापारियों पर अत्याचार : कांग्रेस- ई-वे बिल पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। जब से राज्य में भाजपा सरकार बनी है। सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। पांच महीने में लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे मारे। अब सरकार उनको परेशान करने ई-वे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया है।

***सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल की...***

करने से इनकार करते हुए कहा है कि मांग सुनवाई योग्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करके फैसला सुरक्षित रख चुका- रजिस्ट्री ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है, जिसमें एक जून तक अंतरिम जमानत दी गई थी। साथ ही केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में याचिका दाखिल करने की भी छूट दी गई थी। रजिस्ट्री का यह भी कहना है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्य याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करके फैसला सुरक्षित रख चुका है। इस नई अर्जी का उस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। केजरीवाल की राह मुश्किल, क्या फिर जाना होगा जेल?- केजरीवाल की ओर से मंगलवार को भी न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष अंतरिम जमानत बढ़ाने की अर्जी का उल्लेख करते हुए उसे सुनवाई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। लेकिन पीठ ने इस बारे में कोई आदेश नहीं दिया था और कहा था कि अर्जी प्रधान न्यायाधीश को भेजी जाएगी और वही उसे सुनवाई पर लगाने के बारे में निर्णय लेंगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा भी अर्जी को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया गया है। ऐसे में केजरीवाल की राह मुश्किल हो गई है। अगर उन्हें इस बीच किसी अदालत से राहत नहीं मिली तो दो जून को जेल जाना होगा।

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई लंबित- ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी को वैध ठहराया

## प्रथम पेज का शेष

था, जिसे केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई लंबित रहने के दौरान ही गत 10 मई को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपाकंर दत्ता की पीठ ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी थी। कोर्ट ने केजरीवाल को दो जून को दोबारा समर्पण करने का आदेश दिया था। इसके बाद 17 मई को कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर भी बहस सुन कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल 30 मई तक चुनाव प्रचार में व्यस्त- अब केजरीवाल ने एक नई अर्जी दाखिल कर कहा है कि हिरासत के दौरान उनका वजन छह-सात किलो कम हो गया है। अचानक कम हुए वजन और थकान, चक्कर जैसी दिक्कतों के चलते डाक्टर ने उन्हें पूरे शरीर का पीईटी-सीटी स्कैन व कुछ अन्य जांचें कराने की सलाह दी है। केजरीवाल का कहना है कि पंजाब में चुनाव के चलते वह 30 मई तक प्रचार में व्यस्त रहेंगे। इसके बाद सिर्फ एक दिन मेडिकल जांच के लिए बचेगा, जबकि जो जांचें बताई गई हैं उनमें पांच-सात दिन लगेंगे। ऐसे में कोर्ट उनकी अंतरिम जमानत एक सप्ताह के लिए बढ़ा दे।

***भय, भूखमरी, आंतकवाद, भ्रष्टाचार मुक्त..***

कम करके 55,00 करोड़ की लागत में पूरी होने जा रही है जोकि एशिया की सबसे बड़ी सुरंग बनने जा रही है छेडमोड़ टनल के बाद श्रीनगर से जम्मू तक आठ टनलों का निर्माण किया कटड़ा से दिल्ली कटड़ा एक्सप्रेस-वे में जुड़ेंगे और अमृतसर होते हुए छह घंटों में दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई एक लाख करोड़ का हाइवे जो कि 12 घंटों में सफर पूरा करवाएगा। सूरत से नासिक ग्रीन हाइवे नासिक से अहमदनगर, अहमदनगर से सोलापूर, सोलापूर से करनुल, करनुल से हेदराबाद छेनाई, बेंगलोर, कोची, कन्याकुमारी, तिरुवंतपुरम हाइवे का निर्माण पूरा किया व कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को जोड़ दिया है। यह हमारी सरकार की उपलब्धि है कि हिमाचल प्रदेश में 16,00 करोड़ के 28 रोपवे केवलकार योजनाओ को मंजूरी दे दी गई है। बिजली महादेव रोपे-वे का काम भी जल्दी शुरू हो जाएगा ड्रोन से सेब की ढुलाई हमारी सरकार की रचना है जल संसाधन मंत्री रहते हुए यमुना नदी पर लखवाड़ बांध योजना में 6,000 करोड़ रेणुका जी बांध परियोजना में 46,00 करोड़ किशाऊ बांध परियोजना में 11,000 करोड़ की राशियाँ स्वीकृत करी इन योजनाओं से हिमाचल प्रदेश को 370 मेगावाट बिजली का लाभ मिलेगा व हिमाचल की आय भी बड़ेगी साथ ही प्रदेश को 7,000 करोड़ लीटर पीने को सिंचाई का पानी भी उपलब्ध होगा ।

श्री गड़करी ने कहा कि हम शिंगोला सात किलोमीटर, बारालाचा ला 13 किलोमीटर, साधना ला पास चार किलोमीटर, तालंग ला टनल 14 किलोमीटर, लाचुंग ला पांच किलोमीटर, फाटु ला दो किलोमीटर, नमकिला पास दो किलोमीटर सुरंगों का निर्माण हम हिमालय के बीच कर रहें है। बिजली महादेव 2.8 किलोमीटर रोपवे, मंडी में शिकवारी से भट्टी की धार तीन किलोमीटर रोपवे 240 करोड़, मनाली से हामता दर्रा, पिंपरी से रोपवे छह किलोमीटर 464 करोड़, मनाली से लांबा डुकटाक रोपवे तीन किलोमीटर 216 करोड़, मनाली सिटी में 11 किलोमीटर रोपवे 900 करोड़, लाहौल-स्पीति में भाखम तक रोपवे दो किलोमीटर 107 करोड़, कुल्लू में बरसैनी से मनीकर्ण के खीरगंगा तक रोपवे आठ किलोमीटर 650 करोड़, एक लाख करोड़ रोड़ निर्माण को मंजूरी हमारी सरकार ने दी है। हम मंडी से पठानकोट मार्ग पर 12 करोड़ रूपए खर्च करेंगे। 171 किलोमीटर फोरलेन दिंसबर 2025 तक पूरा करेंगे। मंडी बाईपास बिजनी में चार लेन टनल का निर्माण करेंगे। कोटला में 700 मीटर और तिलकपुर में 50 मीटर फोरलेन टनल का काम जून 2024 में पूरा होगा मंडी नेरचौक से कुल्लू तक 4800 करोड़ 74 किलोमीटर फोरलेन मार्ग मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। नौ सुरंगों और 140 मीटर लंबे पूल का निर्माण हो रहा है। कुल्लू मनाली के लिए नया बाईपास 1000 करोड़, लुधियाना से रूपनगर ग्रीनफिल्ड 5000 करोड का रोड़ 128 किलोमीटर फोरलेन, दिल्ली से लुधियाना और लुधियाना से रूपनगर सीधे हिमाचल में मनाली तक प्रवेश होगा व लुधियाना से धर्मशाला मंडी बिलासपुर तक सीधी कनेक्टीविटी होगी। किरतपुर से नेरचौक 3000 करोड़ की लागत से तैयार 82 किलोमीटर फोरलेन जल्द कार्य समाप्त होने जा रहा है। पांच सुरंगें महला, थप्पना , पुन्नू, मलायवर, भवाना आगमन आरंभ हुआ है।

***केजरीवाल के मंत्री सौरभ भारद्वाज..***

इतने बड़े पद पर आपके सलाहकार आपको सही सलाह नहीं दे रहे हैं। नकारात्मकता की तरफ दिल्ली को ले जा रहे हैं।' इस मामले में भाजपा का कहना है कि अभी तो यह सिर्फ शुरुआत है क्योंकि ऊपर से नीचे तक के सभी अधिकारी जो भ्रष्टाचार के खेल में शामिल थे, उनके निलंबन की मांग भाजपा और तेज करेगी। इस हत्याकांड में जो भी शामिल हैं, उन सबके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उसके लिए भाजपा लगातार लड़ती रहेगी। यह सिर्फ अभी शुरुआत है, लेकिन दिल्ली को इस तरह से अग्नि की भट्टी में जलाने वाले, भ्रष्टाचार को अपनी आय का साधन बनाने वाले हर उस आदमी के खिलाफ पार्टी तब तक लड़ती रहेगी जब तक उन सबके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती।

# गर्मी में चटकने लगती हैं मांसपेशियां, कैसे पाएं छुटकारा?



इस वक्त %नौतपा% चल रहा है , जब पृथ्वी सूरज के सबसे करीब आ जाती है नौतपा को 5 दिन बीत चुके हैं 4 दिन और बचे हैं। वैसे हीटवेव, कंक्रीट वॉल और लगातार घटते ग्रीन-ब्लू जोन की वजह से रेडिएशन भी चुनौती बना हुआ है। हाल ये है कि इस बार गर्मी को एक्सपर्ट्स हेल्थ इमरजेंसी मान रहे हैं। जी हां राम मनोहर लोहिया में अलग से स्पेशल वार्ड तो सफदरजंग अस्पताल में हीट स्ट्रोक के पेशेंट्स के लिए एक्स्ट्रा बेड लगाए गए हैं। कोरोना की तरह इस बार गर्मी भी बदलाव की ताकीद कर रही है भीषण गर्मी ने हमें पेड़-पौधों की अहमियत समझा दी है। बेहतर तो ये हो कि--आने वाले दिनों में लोग अपने-अपने तरीके से कुदरत को संवारें। जो ब्लू और ग्रीन जोन घट रहे हैं जरूरी है उन्हें फिर से बढ़ाया जाए। योगगुरु स्वामी रामदेव पहले दिन से हीट वेव से बचने के तरीके बता रहे हैं वाइटल ऑर्गन को कैसे हेल्दी रखा जाए ये समझा रहे हैं। तो चलिए आज मसल्स को हेल्दी रखने के उपाय जानते हैं क्योंकि गर्मी में मांसपेशियां चटक रही हैं हीट क्रैम्प, मसल्स पेन और ऐंठन से हाल बेहाल है।

मसल्स में दिक्कत ब्लड फ्लो रुकने से नसों पर दबाव पड़ने से पोषक तत्व की कमी से मसल्स की कमजोरी - कैसे करें दूर ?

रोजाना व्यायाम करें विटामिन-डी से भरपूर खाना खाएं दिन में 4-5 लीटर पानी पीएं आंवले का सेवन करें नसों का रखें ख्याल वज़न कंट्रोल कम नमक कम चीनी टाइट कपड़े ना पहने नसों के लिए फायदेमंद लौकी नींबू संतरा छाछ-लस्सी मिक्स दालें गर्मी में रामबाण -मिट्टी के लेप मुल्तानी मिट्टी एलोवेरा हल्दी कपूर नीम गुग्गुल नर्व्स बनेंगे मजबूत - गिलोय अश्वगंधा गुग्गुल गोखरू पुनर्नवा

# क्या वाकई आपका डेटा है सुरक्षित ?

टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने व्हाट्सऐप पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि यह हर रात अपने यूजर्स के डेटा को एक्सपोर्ट करता है. मस्क के आरोप के बाद व्हाट्सऐप के चीफ विल कैथकार्ट ने इसका जवाब दिया है.



व्हाट्सएप चीफ विल कैथकार्ट ने मंगलवार को यूजर्स का डेटा शेयर करने के एलन मस्क के दावे का खंडन करते हुए कहा कि ये जानकारी बिल्कुल गलत है. दरअसल, पिछले हफ्ते मस्क की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया था कि व्हाट्सएप हर रात अपने यूजर्स के डेटा को एक्सपोर्ट करता है, लेकिन लोग अभी भी ये सोचते हैं कि ये पूरी तरह से एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म है. व्हाट्सएप प्रमुख की ओर से इस दावे का पूरी खंडन किया गया है. उसने मस्क की आलोचना करते हुए कहा कि उनका दावा पूरी



तरह से गलत है. कैथकार्ट ने कहा, कई लोगों की ओर से ऐसा पहले भी कहा जा चुका है, लेकिन मैं आप सभी को दोबारा बताना चाहता हूं कि ये जानकारी सही नहीं हैं. हम यूजर्स की सुरक्षा को प्राथमिकता पर लेते हैं और इस वजह से हम सभी मैसेज को एंड-टू-एंड इंक्रिप्ट करते हैं. हर रात वे सभी मैसेज हमारे पास नहीं आते हैं.

यूजर्स ने दिया ये जवाब

कैथकार्ट ने यूजर्स को आगे सलाह देते हुए कहा कि अगर आप अपने मैसेज का बैकअप करना चाहते हैं तो आप अपने क्लाउड प्रदाता की सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें भी आपको एंड-टू-एंड इंक्रिप्शन मिलेगा. कई सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से कैथकार्ट की पोस्ट का जवाब दिया गया. एक यूजर ने लिखा कि मस्क ने मैसेज के बारे में कुछ नहीं कहा है, वे तो सिर्फ डेटा के बारे में कह रहे थे. यूजर ने लिखा, मस्क ने यूजर्स के डेटा के बारे में कहा था. उन्होंने मैसेज को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है.

अन्य यूजर्स ने कहा, ﾠमेटा के डेटा एक्सपोर्ट करने को लेकर पोस्ट था. मेटा, टेलीकॉम सेवा प्रोवाइडर की तरह सूचना एकत्रित करता है और विल कंटेंट के बारे में बात कर रहे हैं. ये बयान बिना किसी दिशा वाला लग रहा है और यह मेटा के काम करने का तरीका है. एक अन्य यूजर्स ने लिखा, आप गुमराह कर रहे हैं. ये यूजर्स के डेटा के बारे में है जिसमें मेटाडेटा शामिल है, न कि मैसेज.

# कम सोना हार्ट के लिए माना जाता है खतरनाक?



**नींद और दिल का तगड़ा कनेक्शन है। अगर आप 8 घंटे से कम नींद लेते हैं, तो ये दिल के लिए ठीक नहीं है। एक स्टडी में खुलासा हुआ है कि लगातार कम सोने से शरीर में इंफ्लेमेटरी डिसॉर्डर और हार्ट से संबंधित बीमारियां बढ़ जाती हैं। जानिए कैसे ?**

अच्छी नींद सेहतमंद रहने के लिए सबसे जरूरी है। अगर किसी वजह से एक दिन सोने को न मिले या नींद कम आए तो दिनभर आलस, थकान, चहरे पर डलनेस और साफ दिखता है कि नींद पूरी नहीं हुई है। ऐसा कई बार स्टडी में भी सामने आ चुका है कि कम सोने से इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। जब आप लगातार कम सोते हैं तो इम्यून सिस्टम के जो स्टेम सेल होते हैं उनको नुकसान पहुंचता है। इससे इंफ्लेमेटरी डिसॉर्डर और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता हैं।

रिसर्च में पाया गया है कि कम सोना सेहत के लिए खराब है और खासतौर पर ये हेल्दी हार्ट के लिए सही नहीं है। हार्ट को हेल्दी रखने के लिए कितने घंटे की नींद जरूरी है? न्यूयॉर्क के एक कार्डियोवस्कुलर रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने इस स्टडी के दौरान कुछ हेल्दी वॉलेंटियर्स के सैंपल लिए थे। ये लोग 6 हफ्ते के लिए रोजोना डेढ़ घंटे कम सोए। रिसर्च में खुलासा हुआ कि जो लोग लगातार कम सोए उसके स्टेम सेल में अंतर पाया गया। ऐसे लोगों के शरीर में व्हाइट ब्लड सेल बढ़ गयी, जिससे इंफ्लेमेशन बढ़ जाता है। ऐसे में हेल्दी हार्ट के लिए आपको 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। 35 साल के लोगों पर की गई स्टडी रिसर्च में 35 साल के कुछ लोगों को पहले 6 हफ्ते 8 घंटे की नींद लेने के लिए कहा गया और फिर उनके ब्लड सैंपल लिए गए। इनके इम्यून सेल का डेटा निकाला गया। जिसके बाद 6 हफ्ते के लिए उनकी नींद को रोजाना 90 मिनट कम कर दिया गया और फिर ब्लड सैंपल लेकर इम्यून सेल का डेटा निकाला तो ऐसे लोगों में हेल्दी सेल कम हो गए थे। कम सोना दिल के लिए क्यों है खतरनाक इस स्टडी में पाया गया है कि कम सोने से इंफ्लेमेशन बढ़ सकता है। जो लोग कम सोए उनके ब्लड में इम्यून सेल बढ़े हुए थे, जो इंफ्लेमेशन बढ़ाते हैं। हालांकि शरीर में इंफेक्शन, चोट या छोटी मोटी बीमारी से बचने के लिए थोड़ा होना जरूरी है। लेकिन बहुत ज्यादा होना हार्ट के लिए खतरनाक हो सकता है। अगर शरीर में इंफ्लेमेशन लगातार बना रहे या ज्यादा हो तो ये कंडीशन दिल की बीमारियों या अल्जाइमर का कारण बन सकती है। इतना ही नहीं कम सोने से स्टेम सेल जो हेल्दी इम्यून सेल प्रोड्यूस करती हैं उनमें भी चेंज आया।

# रात को नहाना सही या गलत



गर्मियों में डेली रात को नहाना हेल्थ के लिए लाभदायक है या नहीं। क्योंकि हर किसी के शरीर की तासीर अलग-अलग होती है। ऐसे में यही सवाल मन में आता है कि रात के समय नहाना ठीक है या नहीं।

गर्मी से रिलीफ पाने के लिए ज्यादातर लोग रात को सोने से पहले नहाना पसंद करते हैं। गर्मियों में नॉर्मल पानी से नहाना आपको फ्रेशनेस के साथ-साथ काफी रिलैक्स महसूस कराता है। कई लोग रात को डेली नहाकर सोते हैं और कुछ ऐसे हैं कि दिन, शाम और रात को काफी बार नहा लेते हैं। वहीं कुछ रिसर्च में यह भी बताया गया है कि रात को सोने से पहले नहाने से फायदों के साथ-साथ नुकसान भी कर सकता है। ऐसे में जान लेते हैं कि रात को नहाना कितना सही है और कितनी नहीं, इसके अलावा किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

***फायदे :-***

**ताजगी और आराम**- दिनभर की गर्मी और पसीने के बाद रात को नहाने से ताजगी और आराम महसूस होता है।

**बेहतर नींद**- ठंडे पानी से नहाने से शरीर का तापमान कम होता है, जिससे बेहतर नींद आने में मदद मिलती है।

**सफाई**- पूरे दिन के बाद शरीर पर जमा धूल-मिट्टी और पसीने को साफ करने का अच्छा समय होता है।

**तनाव कम होता है**- गर्मी और दिनभर की भागदौड़ के बाद ठंडे पानी से नहाने से तनाव कम होता है।

नुकसान

**हवा लगने का डर**- रात को नहाने के बाद अगर तुरंत ठंडी हवा लग जाए तो सर्दी या जुकाम हो सकता है।

**त्वचा की समस्या**- बार-बार ठंडे पानी से नहाने से कुछ लोगों की त्वचा रूखी हो सकती है।

**रात में असुविधा**- कुछ लोगों के लिए रात को नहाना असुविधाजनक हो सकता है, खासकर अगर नहाने के बाद तुरंत बिस्तर में जाना हो।

इन बातों का ध्यान रखें

नॉर्मल पानी का यूज- अगर ठंडे पानी से समस्या हो तो नॉर्मल पानी से नहाना एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

समय का ध्यान- नहाने के बाद शरीर को पूरी तरह से सूखने दें और फिर सोने जाएं, ताकि हवा का असर न हो।

गर्मी में रात को नहाना आमतौर पर सही माना जा सकता है। यह न केवल फ्रेशनेस और आराम देता है बल्कि बेहतर नींद में भी मददगार होता है।

# एसी में बैठने से पहले अस्थमा के मरीज रखें इन बातों का ध्यान, ज़रा सी लापरवाही पहुंचा सकती है हॉस्पिटल



**एयर कंडीशनर की हवा अस्थमा के मरीजों के फेफड़ों को डैमेज कर सकती है। ऐसे में ए सी वाले कमरे में बैठने से पहले दमा के रोगियों को इन बातों का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए।**

गर्मी के सीजन में एयर कंडीशनर यानी,ष्ट का इस्तेमाल लोग बहुत ज़्यादा करते हैं। घर से लेकर ऑफिस तक लोगों का ज्यादातर वक्त एसी में ही गुजरता है। क्या आप जानते हैं एसी का ज़्यादा इस्तेमाल अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक है। जी हां, सही पढ़ रहे हैं आपज् एयर कंडीशनर की हवा अस्थमा के मरीजों की सेहत के लिए घातक हो सकती है। अस्थमा सांस से जुड़ी एक बेहद खतरनाक बीमारी है। इस बीमारी में सांस की नली में सूजन और लंग्स में इंफेक्शन होने की वजह से लोगों को सांस लेने में बहुत ज़्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ता है। एसी में बैठने से अस्थमा के मरीजों की समस्या क्यों बढ़ जाती है और बचाव के लिए क्या करना चाहिए चलिए हम आपको इस लेख के ज़रिए बताते हैं।

एयर कंडीशनर में बैठने से आ सकता अस्थमा का अटैक

गर्मी से निजात पाने के लिए एयर कंडीशनर में लगातार बैठना अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है। दरअसल, एसी वाले कमरे में मौजूद एसी डस्ट के पार्टिकल्स जब हवा के साथ सांस के ज़रिए शरीर में घुस जाते हैं तो वे लंग्स को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर कमरे में अस्थमा का मरीज बैठा है तब तो उनके लिए दिक्कते और भी बढ़ जाती हैं और उन्हें दमा का दौरा भी पड़ सकता है। इसलिए अस्थमा के मरीजों को एसी में बैठने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए और लापरवाही करने से बचना चाहिए।

**एयर कंडीशनर में बैठते समय बरतें ये सावधानी ?**

अस्थमा के मरीजों को एसी में बैठने से पहले घर को अच्छी तरह से साफ़ कर लेना चाहिए। घर में ज़रा भी डस्ट या धूल मिटटी नहीं होना चाहिए। साथ ही एसी की सफाई हुई है या नहीं यह भी चेक करना चाहिए। अगर एसी गंदी है तो उसके डस्ट पार्टिकल्स लंग्स को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए कमरे और एसी की साफ-सफाई पर ज़्यादा ध्यान दें।

**एयर कंडीशनर के डस्ट पार्टिकल्स से ऐसे करें बचाव ?**

एयर कंडीशनर के डस्ट से बचाव के लिए एयर फिल्टर को सही तरह साफ करें। एसी का टेंपरेचर हमेशा 25 डिग्री के आसपास ही रखें। नया एसी लेने जा रहे हैं तो एयर प्यूरीफायर वाला एसी ही लें। अस्थमा मरीज ज्यादा समय तक एसी में बैठ रहे हैं तो मास्क लगाकर बैठें ।

# गर्मियों में क्यों बढ़ जाता है शुगर लेवल



गर्मी के इस मौसम में जैसे जैसे पारा बढ़ता है पसीना निकलने से शरीर में पानी की कमी होती है जिससे बॉडी में शुगर लेवल बढ़ता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को इस अपना ख़ास ख्याल रखना होता है।

गर्मियों में कैसे कम करें शुगर लेवल

भारत में शुगर पेशेंट्स की कमी नहीं है उपर से मौसम अलग मरीज़ों की गिनती बढ़ा रहा है। तापमान बढ़ने के साथ शुगर लेवल भी बढ़ सकता है, जिससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए, सामान्य लोगों की तुलना में डायबिटीज के मरीजों को ज़्यादा ध्यान रखना चाहिए। पीएसआरआई हॉस्पिटल के हेड एमरजेंसी डॉक्टर प्रशांत सिन्हा के मुताबिक, शरीर में पानी की कम होने से गर्मियों में शुगर का लेवल बढ़ने लगता है। टेंपरेचर ज़्यादा होने से शरीर में पसीना ज़्यादा आता है, जिससे बॉडी में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में बेह्तरीन डाइट को फॉलो कर डायबिटीज के मरीज इस बीमारी को कंट्रोल कर सकते हैं। बढ़ते तापमान के अलावा हवा में फैला प्रदूषण भी डायबिटीज़ के मरीज़ों की संख्या बढ़ा रहा है। द लैंसेट की लेटेस्ट स्टडी के मुताबिक डायबिटीज़ के 20त्न मामले लगातार प्रदूषित हवा में रहने से होते हैं। इसके अलावा खराब खानपान और एक्सरसाइज नहीं करने से भी शुगर लेवल प्रभावित होता है

इन मसालों का करें सेवन: गिलोय का काढ़ा पिएं-जो लोग डायबिटीज की समस्या से जूझ रहे हैं, उन्हें गर्मियों के मौसम में गिलोय का काढ़े पीना चाहिए। यह एक नेचुरल एंटी-डायबिटिक मेडिसन है जो शुगर में दवा की तरह काम करता है।

मेथी 1 चम्मच खाएं-शुगर कंट्रोल करने के लिए मेथी बेहद फायदेमंद है। एक चम्मच मेथी मेथी के दाने को रात में पानी में भीगो कर रख दें और सुबह के समय खाली पेट इसका सेवन कर सकते हैं।

लहसुन की कली खाएं- डायबिटीज को कंट्रोल करने में लहसुन भी बेहद फायदेमंद है। रोज़ाना लहसुन की 2 कली खाने से शुगर का लेवल कम होगा।

इन सब्जियों का जूस पिएं खीरा, करेला, टमाटर जूस पिएं: डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए इसके मरीजों को अपनी डाइट में खीरा, करेला, और टमाटर का जूस पीना चाहिए। इसका सेवन करने से बॉडी हमेशा कूल रहती है। लौकी का सूप जूस-सुबह खाली पेट लौकी का जूस पीने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रण में रखा जा सकता है।

इसमें मौजूद फाइबर की मात्रा ब्लड शुगर को रेगुलेट करती है। साथ ही बॉडी को भी हाइड्रेटेड रखती है। आप इसकी सब्जियों का सेवन भी कर सकते हैं।

खाने के 1 घंटे बाद पानी पिएं: खाना कहने के एक घंटे बाद ही पानी पिएं। अगर आप डायबिटीज के मरीज नहीं हैं तब भी हेल्दी रहने के लिए आप इस नियम को फॉलो करें।

# तालाब या पूल में नहाना पड़ सकता है भारी!

## दिमाग को खा सकता है खतरनाक जीवाणु

क्या एक छोटा सा जीव इंसान का दिमाग खा सकता है? यह ऐसा जीव है जिसे आंखों से न देख सकते हैं और न उसके होने का पता चलता है। यह छोटा जीव इतना खतरनाक है कि यह मारने से भी नहीं मरता है। यह गर्म वातावरण में मिलने के अलावा गंदे तालाब या वाटर पार्क में पाया जा सकता है। तो जरा इस गर्मियों में नहाने से पहले साफ-सफाई देख कर ही नहाएं, वरना आपको भारी पड़ सकता है। यह इंफेक्शन ब्रेन ईटिंग अमीबा यानी दिमाग खाने वाला जीव है, जिसे अमीबा के नाम से जाना जाता है और ये गर्मी में बढ़ता है।

फिलहाल, यह अमीबा लाइलाज माना जाता है। ये पीड़ित के दिमाग के सेल्स को ही खत्म करता है। नेगलेरिया फाउलेरी जिसे अमीबा कहा जाता है, वह मिट्टी और फ्रेश वॉटर जैसे नदी, झील और झरने में रहता है। जब कोई पानी में होता है तो ये अमीबा नाक में जाता है तो यह दिमाग में इंफेक्शन की वजह बनता है। अमीबा नाक में घुसकर दिमाग के टिश्यू को डैमेज करता है और ज्यादा गंभीर मामलों में व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

अमीबा के लक्षण

तेज सिरदर्द

बुखार

मतली या वोमिटिंग

संक्रमण बढ़ने पर गर्दन में अकड़न

दिमाग का काम न करना

बचाव कैसे करें

गर्मी और बरसात के दिनों में इस बीमारी का चांस ज्यादा बढ़ता है। इसलिए वाटर पार्क या तालाब के पानी में नहाते समय ध्यान रखें कि ये गंदे न हो। क्योंकि इस संक्रमण का खतरा गंदगी में ज्यादा रहता है।

# मत्स्य विभाग में सामने आया करोड़ों का केज घोटाला

## ज्वाइंट डायरेक्टर कर रहे जांच, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी, सीएम तक पहुंची शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। मत्स्य विभाग में केज आबंटन में करोड़ों के घोटाले का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि जिसके नाम से केज आबंटित है उसे 3 साल बाद जानकारी मिली। मामले की शिकायत सीएम तक पहुंचने को बाद जांच कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि तत?कालीन सहायक संचालक ने अपने कार्यकाल में यहां आबंटन में फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। ऐसे 4 केज मिले हैं जिनमें से एक विभागीय ड्राईवर की पत्नी और दो चपरासियों की पत्नी के नाम पर आबंटित किए गए हैं। जबकि एक आदिवासी व्यक्ति के नाम से लिया गया है। उक्त व्यक्ति ने शिकायत कर बताया है कि, उसे केज आबंटन की जानकारी ही नहीं है और अधिकारियों ने कूट रचना कर उसके नाम पर केज का आबंटन करवाया है।



इस संबंध में वर्तमान मत्स्य विभाग सहायक संचालक सुदेश साहू ने बताया कि उपरोक्त संबध में जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है, उन्हें वस्तुस्थिती से अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में रायपुर से बुधवार 29 मई को विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर दलबल के साथ आकर जांच की। विभागीय दस्तावेज खंगाले व विभाग के लोगों से पूछताछ भी की। श्री साहू ने बताया कि जांच में आए अधिकारी अपने साथ तत्संबंधित दस्तावेज भी साथ ले गए हैं। केज के संबंध में श्री साहू ने बताया कि यह एक नई व आधुनिक टेक्निकल शब्द है। कम स्थान में ज्यादा मछली पालन के लिए यह उपयोग में आता है। इसके लिए बांध या अन्य बड़े पानी वाले जगह में 20 फीट या 5 मीटर पानी की आवश्यकता पड़ती है। जिससे मछली पालन किया जा सके। बड़े स्थान को कई केज में बांटा जा सकता है।

बता दें कि मत्स्य विभाग में हुई इस गड़बड़ घोटाले की सोशल विडियो में भी तेजी से समाचार वायरल हुआ। घोटाले के समय पदस्थ तत्कालीन सहायक संचालक वर्तमान में धमतरी में पदस्थ है।

बताया जाता है कि दरअसल, लगभग 54 लाख की कीमत के केज शत-प्रतिशत सब्सिडी के साथ आबंटित किए गए थे। ऐसे कुल 4 केज नवागांव जलाशय में लगाए गए हैं। हालही में जब मत्स्य विभाग ने इनके लीज की रकम के लिए लाभार्थियों को नोटिस जारी किया तो पता चला कि हितग्राहियों को इस आबंटन की जानकारी ही नहीं है। यह मामला वर्ष 2021 का है। इस संबंध में हाल ही में खुलासा हुआ कि जिन लाभार्थियों के नाम पर इसे आबंटित किया गया है वे इस पूरे मामले से नावाकिफ हैं। खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिले के ग्राम भोथली निवासी भुवन पोर्ते को भी विभाग से नोटिस मिला है। उसने इस पूरे मामले की शिकायत एसपी, विभागीय सहायक संचालक के अलावा सीएम तक की है।

### अलग-अलग नामों से केज का आबंटन

भुवन ने शिकायत में बताया है कि, उसने केज आबंटन के लिए आवेदन नहीं किया, संचालक गीतांजलि गजभिए ने इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया। षड़यंत्र कर उन्होंने अलग-अलग लोगों के नाम से केज का आबंटन किया। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत और डीएमएफ से 40 प्रतिशत यानी कुल 100 प्रतिशत सब्सिडी दी गई। कुल मिलाकर 54 लाख का केज लाभार्थियों को फ्री में मिलना था। तत्कालीन सहायक संचालक ने इसका फायदा उठाने ही करोड़ों के फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।

### भाजपा सरकार बनने के बाद जांच में तेजी

बता दें कि भाजपा सरकार बनने के बाद इस मामले की जांच तेज हुई। तत्कालीन सहायक संचालक की करतूतों की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची। इसके बाद संचालनालय ने इसकी गोपनीय जांच शुरु की। भुवन के सामने आने के बाद इसमें और तेजी आई है। अन्य लाभार्थियों से भी इस मामले में बयान लिए जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि, केज आबंटन में गड़बड़ी का यह मामला करोड़ों का है। इसके अलावा भी तत्कालीन सहायक संचालक ने कई और गड़बड़ियों का अंजाम दिया है जिसका विभागीय जांच में खुलासा होने की उम्मीद है। बहरहाल बुधवार को रायपुर से ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारा आकर यहां स्थानीय मत्स्य विभाग कार्यालय में जांच की है व लोगों से पूछताछ कर तत्संबंधित दस्तावेज अपने साथ ले गए हैं।अब देखना यह है कि उक्त जांच में क्या निकला आता है। इसके लिए समय का इंतजार करना पड़ेगा।

# धीरी में मिल रहे प्रदूषित पानी को रोकने डॉ. रमन ने राइस मिल्स को बंद करने कलेक्टर एवं पीएचई के अधिकारियों को दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। धीरी जलाशय में राईस मिल्स के गंदे पानी को रोकने के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक डॉ.रमन सिंह ने कलेक्टर एवं पीएचई के अधिकारियों को तत्काल राइस मिल्स से निकल कर धीरी जलाशय में मिलने वाले प्रदूषित जल को रोकने का निर्देश देते हुए राइस मिल्स को बंद करने का निर्देश दिये है।



गौरतलब है धीरी जलाशय से 24 गांवों को जल प्रदाय होता है जिसमें एक राइस मिल्स का प्रदूषित पानी धीरी जलाशय के इंटकवेल में जा कर पानी को प्रदूषित कर रहा था जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहा था जिसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को होने पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पीएचई के कार्यपालन अभियंता को तुरंत राइस मिल से निकलने वाले प्रदूषित पानी को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिये है एवं राइस मिल्स का प्रदूषित जल के उचित निकासी नही होने की स्थिति में राइस मिल्स को ही बंद करने का निर्देश दिया है, जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी एवं पीएचई के अधिकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु धीरी जलाशय पहुंच गये है। उल्लेखनीय है कि धीरी जलाशय में राइस मिल्स के प्रदूषित पानी के मिलने से 24 गांवों को मिलने वाला पानी अत्यधिक प्रदूषित हो गया था और गांवों में पानी को नही पीने की मुनादी भी करा दी गई थी जिसकी जानकारी मिलते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राइस मिल्स को बंद कर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी प्रदाय हो इसके लिए भी समुचित व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देश दिये है।

# शराब पकड़ने पर आरोपी को पीटते हुए ले गई आबकारी विभाग की टीम

## जेल में युवक की मौत, परिजन लगा रहे आरोप

बालोद (दावा)। बालोद जिले की उप जेल में बंद कैदी लोकेश सिन्हा पिता भारत लाल सिन्हा की मौत का मामला सामने आया है। जिस पर परिजन मारपीट का आरोप लगा रहे हैं और देवरी थाने में पूरे मामले की शिकायत भी दर्ज कराई है।




आपको बता दें कि बालोद जिला उप जेल में बंद कैदी की मौत देर रात करीब 12 बजे हुई। बताया जा रहा है कि कैदी 25 मई को शराब बेचते पकड़ा गया था जिसे आबकारी विभाग कार्यवाही कर पुलिस को सुपुर्द किया। आरोपी को जेल दाखिल करने कर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद उसकी मौत हॉस्पिटल में हो गई। वहीं इस मामले में मृतक के परिजनों ने गिरफ्तार करने वाले आबकारी विभाग पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### कैदी से ना मिलने देने का आरोप

मृतक के परिजाओं ने बताया कि यहां पर हमें कैदी से ना मिलने देने का आरोप लगाया है और बताया कि हमारा भाई कैसा है किस स्थिति में है जेल प्रबंधन ने इन सब से हमें दूर रखा, पता नहीं किस के कारण यह हादसा हुआ आबकारी वाले भी उसे पीटते हुए ले गए और जेल में क्या स्थिति रही यह आम हमें जानकारी नहीं है। वहीं जेलर शोभा रानी का कहना है कि जब परिजन आए तो बंदी आराम कर रहा था या फिर अस्पताल में था जिसके कारण उन्हें अस्पताल जाने कहा गया।

### नशा नहीं मिलने से बेचैन था

बालोद उप जेल की जेलर शोभा रानी ने बताया कि उपजैल में कैदी लोकेश का व्यवहार बदलने लगा वो अकेले रहने लगा और बेचैन रहने लगा जिसके बाद हमें यह अंदाजा हुआ कि नशा ना मिलने के कारण लक्षण उसने नजर आने लगा जिसके बाद उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां 5 घंटे लगभग उसे अंदर आब्जर्व में रखा गया।

फिर स्थिति सामान्य होने के बाद उसे वापस जेल लाया गया, अगले दिन फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उनका इलाज किया गया। शाम को जब उनकी तबियत बिगड़ी बंदियों ने हमें सूचना दी, तब बंदी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### मजिस्ट्रेट के सामने पीएम

मामला संवेदनशील होने की वजह से मजिस्ट्रेट के सामने युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है, इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है हालांकि थाने में मारपीट संबंधित शिकायत आबकारी विभाग के विरुद्ध उसके परिजनों ने दर्ज कराई है। परिजनों की माने तो पांच लोग गिरफ्तार करने आए थे और पीटते-पीटते ले गए, जिसमें दो खाकी वर्दी में थे और तीन सिविल कपड़े में थे।

# फ्लाई ओव्हर के नीचे पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चली

राजनांदगांव (दावा)। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चला रही है, अभियान के तहत गत सोमवार को फ्लाई ओव्हर के नीचे गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी और आज पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक 26 ठेला व गुमटी हटाया गया तथा खडे वाहन हटाने वाहन मालिकों को समझाईस दी गयी।

उल्लेखनीय है कि जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे पूर्व वर्षो में नगर निगम द्वारा साफ सुथरा कर सौदर्यीकरण किया गया था तथा शहर आने वाले लोगों व शहर के अंदर मार्केटिंग हेतु आने जाने वाले लोगों के लिये सुगम पार्किंग करने प्रक्रिया की गयी थी, किन्तु बेतरतीब खड़े वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई नहीं हो पाई और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी। शहर के जी.ई.रोड में फ्लाई ओव्हर निर्मित होने के कारण अन्य शहरों व प्रदेश से लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन गंदगी होने व बेतरतीब वाहन ठेला रखे रहने से गंदगी के कारण शहर के प्रति अच्छी धारणा नहीं बन रही थी, साथ ही शहर में यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है, उक्त बातों को ध्यान में रखते हुये जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निगम में गठित अतिक्रमण तोडू दस्ता को यातायात विभाग के साथ मिलकर फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाने कहा गया।



आज 26 ठेला गुमटी हटाये

जिलाधीश एवं आयुक्त के निर्देश पर निगम एवं यातायात का अमला फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान शुरू किया और सोमवार को गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक ठेला खोमचा हटाया गया और कुछ वाहन हटाकर वाहन मालिकों को अपने वाहन हटाने समझाईस दी गयी। इसी कडी में आज निगम व यातायात की टीम पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक अभियन चलाकर 26 ठेला व गुमटी हटाये, जिनमें से 21 ठेला स्वयं के द्वारा हटाया गया 5 ठेला जप्ती की गयी। साथ ही वाहन हटाये गये तथा वाहन मालिकों से अपने वाहन हटाने समझाई दी गयी। इसके अलावा भगत सिंह चौक में पोल गढ़ाया गया।

आज की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर के यातायात के दबाव को कम करने पार्किंग का निर्माण करने तथा साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। निगम एवं यातायात की टीम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाकर गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक तथा पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक ठेला खोमचा हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया, शेष क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाया जावेगा, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा व व्यवस्थित हो सके। उन्होंने लोगो से स्वयं अपने वाहन व ठेला खोमचा हटाकर फ्लाई ओव्हर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने की अपील की है।

# एक्सप्लोसिव वाहन व ट्रैक्टर में टक्कर होने से दोनों चालक जख्मी

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 40 मुंदड़ा कुंज के सामने एक्सप्लोसिव वाहन एवं राष्ट्रीय मार्ग की सफाई में लगे कर्मचारी के ट्रैक्टर के बीच टक्कर होने से दोनों ही गाड़ी के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक की सफाई में लगी दो महिला कर्मचारी भी घायल हो गई है। घटना के बुधवार दोपहर 3 बजे की बताई जाती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बसंतपुर पुलिस निरीक्षक जीवराज रावटे ने बताया कि एक्सप्लोसिव वाहन क्र. जेएच-02/एके-3045 ओवर ब्रिज से उतर रही थी, इसी दरम्यान मुंदड़ा कुंज के समीप सर्विस रोड में डिवाइडर की सफाई करने में लगे ट्रेक्टर से जा टकराया। जिससे ट्रैक्टर चालक राजकुमार बारले उम्र 32 वर्ष निवासी कोलिहापुरी को चोटें आई है। इसी तरह सफाई काम कर रहे महिलाएं शांति मंडावी (30 वर्ष) व कौशिल्या चंद्रवंशी (29 वर्ष) दोनों निवासी बरखा को चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए ले जाया गया है। पुलिस ने एक्सप्लोसिव वाहन चालक संजय शर्मा (42 वर्ष) निवासी रामगढ़ (झारखंड) को हिरासत में ले लिया है और वाहन की जब्ती कर थाने में गाड़ी खड़ी करवा दी गई। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई में ले लिया गया है।



# अरिहंत सिंघी को उदयाचल ने नगर के गौरव से किया सम्मानित



**राजनांदगांव (दावा)। हीरा ग्रुप के चेयरमेन जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने अरिहंत सिंघी डिप्टी कमिश्नर इनकम टैक्स अहमदाबाद को उदयाचल के वार्षिकोत्सव में नगर के गौरव से सम्मानित किया गया। अरिहंत सीए अजय सिंघी के पुत्र और समाजसेवी संजय सिंगी, मंत्री के ओएसडी राजेश सिंघी के भतीजे है। ज्ञात हो कि सीए अरिहंत सिंघी को राजकोट में हाल ही में आयकर की बड़ी तलाशी कार्रवाई के लिये गुजरात सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।**




**BPS PARENTS' PRIDE ENGLISH MEDIUM SCHOOL, DONGARGAON**

**REQUIREMENT**

Applications are invited from young, dynamic and eligible candidates in various post of session 2024-25 to teach indifferent Classes (PRT, TGT & PGT)

| Subjects/ Post | Qualification |
|---|---|
| Principal, HM, English, Mathematics, Science & All Subject Teacher's | Post Graduation, B.Ed. 4 year experience |
| | Graduation, B.Ed./ D.Ed. |

Those candidate are interested so please submit your Bio-data along with 2 Passport Photo.
Last date for submitting bio-data- 30 May 2024

**ADMISSION OPEN 2024-25 From Nursery to Class 10th**

Contact Number : 8109422436, 6261897080
Whats App Number : 8964927843, 9907431576

# समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा आ रही सामने - कलेक्टर

- कलेक्टर को अपने बीच देखकर बच्चों के चेहरों में झलकी खुशी
- समर कैम्प के माध्यम से बच्चे सीख रहे तरह-तरह की रचनात्मक गतिविधियां
- कलेक्टर ने ग्राम भानपुरी एवं रींवागहन में किया समर कैम्प का अवलोकन

## बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल, कलेक्टर ने बच्चों के साथ खेला कैरम, क्रिकेट





राजनांदगांव (दावा)। जिले के शासकीय स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प के लिए बच्चों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ग्राम रीवागहन के समर कैम्प में बच्चों को कैरम खेलते देखकर बच्चों के साथ कैरम खेलने बैठ गए। साथ में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी ने भी कैरम खेला। इसके बाद उन्होंने रस्सी कूद कर दिखाया और बच्चों के साथ क्रिकेट एवं बैडमिंटन भी खेला। ग्राम भानपुरी समर कैम्प में जुम्बा डांस और करमा नृत्य में सभी ने बच्चों के साथ डांस किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल को अपने बीच देखकर बच्चे प्रसन्न एवं उत्साही दिखे। बच्चों के चेहरों में खुशी झलक रही थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल के साथ बच्चों ने अपने विचार साझा किए और समर कैम्प के माध्यम से प्राप्त विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों द्वारा समर कैम्प में सिखाई गई रचनात्मक गतिविधियों एवं प्रतिभाओं को प्रदर्शित स्टॉल का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल को बच्चों ने बताया कि समर कैम्प में जुम्बा डांस, योगा, प्राणायाम, प्रेरणादायी फिल्म, मेंहदी, गीत, कविता, बेल शरबत बनाना सीखा, चित्रकारी, पेंटिंग, खेल-कूद, कागज से गुलदस्ता, ग्रीन सलाद के डेकोरेशन जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को समर कैम्प में सिखाया गया है। बच्चों ने बताया कि सबसे ज्यादा जुम्बा डांस अच्छा लगा। जिससे सभी शारीरिक गतिविधियां हो जाती है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी और रीवागहन में संचालित समर कैम्प का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन 30 से 40 मिनट शारीरिक एक्टीविटी जरूर करना चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ रहता है एवं पढ़ाई में अच्छे से मन लगेगा और पढ़ाई अच्छी होगी। उन्होंने कहा शारीरिक गतिविधि से नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है। इसलिए हमें प्रतिदिन कुछ न कुछ शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। जिससे हमारा शरीर हल्का लगता है। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में जो प्रतिभा छिपी हुई होती है उसे सामने ला सकते है। ऐसी गतिविधियों से बच्चों के संकोच को दूर किया जा सकता है और बच्चे अपने प्रतिभा को और बेहतर तरीके से सामने ला सकते हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने रीवागहन की एक छात्रा द्वारा कविता का बहुत अच्छे से उसे प्रस्तुतिकरण और आत्मविश्वास के साथ मंच पर बोलने की बहुत प्रशंसा की। इसी तरह ग्राम भानपुरी स्कूल में पढ़ी छात्रा इंद्रानी साहू ने बहुत अच्छे से गीत प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने इसकी बहुत सराहना की। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्म से बच्चों में संकोच दूर हो रहा है और शिक्षकों के पास अपनी प्रतिभाओं को दिखाकर उसे और अधिक बेहतर कर रहे हैं। समर कैम्प के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों की बीच की दूरी कम हो रही है और बच्चे अपनी जिज्ञासाओं और समस्याओं को अच्छे से शिक्षकों के पास रख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों ने बहुत ही बेहतर तरीके से वेस्ट मटेरियल से बहुत अच्छी सजावट की सामग्री बनाएं हैं। यह बहुत ही अच्छी प्रतिभा है। इसके लिए उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि फिजिकल एक्टीविटी बहुत अच्छा किया है। उन्होंने कहा कि न केवल समर कैम्प में इसे बैग लेस डे के दिन भी कर सकते हैं। जिससे बच्चों के अंदर की गतिविधि को बाहर ला पाएंगे। इसके लिए बच्चों के साथ शिक्षकों को भी शामिल होना है। बच्चों में जो बेहतरीन प्रतिभा है उसे बाहर ला पाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे बोलने में संकोच करते हैं। संकोच होने से बच्चे अच्छा नहीं कर पाएंगे। यह सभी की जिम्मेदारी है कि बच्चों में जो संकोच है उसे दूर करें। जिस दिन संकोच दूर होगा उस दिन बेस्ट प्रदर्शन दे पाएंगे। बच्चों के अंदर अच्छी से अच्छी प्रतिभा है उसे बाहर निकालना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षक से भय नहीं होना चाहिए उनमें शिक्षक के प्रति सम्मान होना चाहिए। बच्चों से कुछ नहीं बन रहा है तो हौसला होना चाहिए आत्मविश्वास होना चाहिए कि शिक्षक के पास जाने से मुझे बहुत अच्छे से समझाएंगे और बताएंगे। शिक्षक और बच्चे के बीच जो रिश्ता होता है वह दोस्त, बड़ी दीदी, बड़े भाई, माता-पिता की तरह हो सकता है। गुरू के अतिरिक्त भी बहुत सारी बाते सामने लाना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि बड़े सपने देखें और उसे साकार करने के लिए आगे बढ़े। बच्चों के साथ लगातार रहेंगे तो परिणाम बहुत अच्छा आएगा। इससे बच्चे की शारीरिक-मानसिक स्थिति बहुत अच्छा रहेगी।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि समर कैम्प बहुत अच्छा आयोजन है। ये पहले निजी विद्यालयों में कई वर्षों से होते आ रहा है। लेकिन अभी शासकीय स्कूलों में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि समर कैम्प से दोस्त बढ़ते हैं और अलग-अलग गतिविधियां सीखने मिलती हैं। उन्होंने कहा स्कूलों में बैग लेस डे एक महत्वपूर्ण दिन है। जिसमें पढ़ाई के अलावा बहुत सारी रचनात्मक गतिविधियां सीखने को मिलती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि बाधाओं को नहीं सोचना है सबसे ज्यादा मेहनत करना है। अभी आपके पास बहुत अच्छे अवसर हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला शिक्षा मिशन समन्वयक सतीष ब्यौहारे, एपीसी आदर्श वासनिक, एमआर अंसारी, पीआर झाड़े, प्राचार्य सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com